
बीजेपी स्थापना दिवस पर जेपी नड्डा ने फहराया ध्वज, इन दिग्गजों को किया नमन

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964


दिल्ली शराब घोटाला : मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने 18 अप्रैल तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

वर्ष-60 › अंक -96 रायपुर रविवार 7 अप्रैल 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


भाजपा के स्थापना दिवस पर बोले पीएम मोदी

## विकासोन्मुखी दृष्टिकोण, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध भाजपा

**एजेंसी।** आज भाजपा के स्थापना दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स हैंडल के माध्यम से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। साथ ही भारत की 140 करोड़ जनता का आभार जताया। वहीं भाजपा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह गृह मंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

आज भाजपा के स्थापना दिवस पर मैं भारत भर के सभी साथी पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मैं उन सभी महान महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान को भी बड़ी श्रद्धा के साथ याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक हमारी पार्टी का निर्माण किया। मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हम भारत की पसंदीदा पार्टी हैं, जिसने हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श वाक्य के साथ काम किया है।



पीएम ने आगे लिखा, भाजपा ने अपने विकासोन्मुखी दृष्टिकोण, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाकर अपनी पहचान बनाई है। भारत के युवा हमारी पार्टी को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखते हैं, जो उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है और 21वीं सदी में भारत को नेतृत्व प्रदान कर सकती है।

चाहे केंद्र हो या राज्य, भाजपा ने सुशासन को नई परिभाषा दी है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने गरीबों और वंचितों को ताकत दी है। जो लोग दशकों तक हाशिये पर थे उन्हें हमारी पार्टी में एक आवाज़ और आशा मिली। हमने सर्वांगीण विकास प्रदान करने की दिशा में काम किया है।

हमारी पार्टी ने भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति की संस्कृति से भी मुक्त किया है, जो देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वालों की पहचान थी। हमें एनडीए का अभिन्न अंग होने पर भी गर्व है, जो राष्ट्रीय प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के बीच पूर्ण सामंजस्य प्रदर्शित करता है। एनडीए एक जीवंत गठबंधन है, जो भारत की विविधता को समाहित करता है। हम इस साझेदारी को संजोते हैं और मुझे यकीन है कि आने वाले समय में यह और भी मजबूत होगी। भारत नई लोकसभा चुनने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुझे विश्वास है कि लोग हमें एक और कार्यकाल के लिए आशीर्वाद देंगे ताकि हम पिछले दशक में हासिल की गई जमीन पर आगे बढ़ सकें। मैं अपने सभी भाजपा और एनडीए कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे लोगों के बीच काम कर रहे हैं और हमारे एजेंडे को विस्तार से बता रहे हैं।



## RJD प्रमुख लालू यादव की मुश्किलें बढ़ीं, ग्वालियर की MP-MLA कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**एजेंसी।** ग्वालियर राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। यह वारंट आर्म्स एक्ट के मामले में जारी हुआ है। यह मामला 1995-97 का है। पुलिस की जांच में लालू प्रसाद का नाम सामने आया। साथ ही यह पता चला कि लालू प्रसाद कोई और बल्कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। एडीपीओ अभिषेक मल्होत्रा ने बताया, ÷न्यायिक मजिस्ट्रेट MP-MLA ग्वालियर द्वारा लालू प्रसाद यादव के खिलाफस्थायी गिरफ्तारी वारंट के आदेश जारी किए गए हैं। मामला साल 1995-97 का है जिसमें फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आर्म्स डीलर से हथियार खरीदे गए थे। कुल 23 आरोपियों के खिलाफ पत्र पेश किए गए थे।

पुष्कर में कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोदी बोले-

## हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू





आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के पुष्कर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कल कांग्रेस पार्टी ने एक झूठ पुलिंदा जारी किया है, अपना घोषणा पत्र जारी किया है। हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में वो ही सोच झलकती है जो सोच आजादी के समय मुस्लिम लीग में थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ÷देश के इतिहास में कभी-कभी ऐसे मौके आते हैं, जब देश के नागरिकों का एक फैसला अगले सैकड़ों वर्षों का भविष्य तय करता है। 2024 का ये चुनाव ऐसा ही एक बड़ा अवसर है।

नरेंद्र मोदी ने कहा, आपका सपना मोदी का संकल्प है। हमें 2047 तक भारत को विकसित बनाना है। कांग्रेस पार्टी, चुनाव जीतने के लिए रैली नहीं कर रही है, भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए रैली कर रही है। ये कितना भी बोलते रहे, भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी की लड़ाई जारी रहेगी।जनता के पैसों को लूटना ये लोग अपना खानदानी हक समझते थे। मोदी ने बीते 10 वर्षों में लूट की बीमारी का परमानेंट इलाज कर दिया है। मोदी ने इनकी लूट की दुकान का शटर गिरा दिया है। इसलिए ये बौखलाए हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा हमने संसद में तीन दशक से लटका हुआ 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से हमारी माताओं-बहनों के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में 33त्न आरक्षण पक्का कर दिया है।कांग्रेस जहां रहती है, वहां विकास नहीं हो सकता। कांग्रेस ने ना कभी गरीब की परवाह की और ना ही कभी वंचितों-शोषितों-युवाओं के बारे में सोचा।कांग्रेस के लिए यही कहा जा सकता है- एक तो करेला, दूसरा नीम चढ़ा। एक तो परिवारवादी पार्टी और दूसरा उतनी ही भ्रष्टाचारी पार्टी।

## बंगाल में NIA की टीम पर हमला : 150 ग्रामीणों की भीड़ ने कार को घेरकर बरसाए पत्थर, दो अधिकारी घायल


एजेंसी।

**बंगाल** में सरकारी जांच एजेंसियों पर हमले के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बीते दिनों एक मामले की जांच करने गई ईडी की टीम पर संदेशखाली में भीड़ ने हमला किया था। इसी कड़ी में अब पूर्व मेदिनीपुर के भूपतिनगर में केंद्रीय एजेंसी एनआइए की टीम पर हमला हुआ है। दरअसल, कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देशानुसार एनआइए टीम शनिवार को जांच के लिए पहुंची थी। आरोप है कि जांचकर्ताओं की कार में तोड़फोड़ की गई।

## भारत ने चुनावों से पहले एआई-जनित कंटेंट, डीपफेक पर कड़ा रुख अपनाया

नई दिल्ली,एजेंसी।

भारत में 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के आम चुनावों के बीच चीन द्वारा अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई-जनित कंटेंट बनाने और उसका प्रसार करने की योजना के बारे में माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी के बाद केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। उसने पूरी सख्ती के साथ वैश्विक डिजिटल कंपनियों को एआई और चुनावों के दौरान इसके संभावित दुरुपयोग के बारे में एक नई एडवाइजरी के अनुरूप अपने प्लेटफार्मों में सुधार करने के लिए कहा है।




इस वर्ष दुनिया भर में, विशेष रूप से भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में, प्रमुख चुनाव हो रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट संकट विश्लेषण केंद्र के महाप्रबंधक क्लिंट वाट्स के अनुसार, ÷हमारा आकलन है कि चीन, कम से कम, अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई-जनित कंटेंट का निर्माण और विस्तार करेगा। एक्सपोज़र प्रबंधन कंपनी टेनेबल के अनुसार, एआई-जनित डीपफेक और फर्जी कंटेंट के माध्यम से फैली गलत सूचना आगामी चुनावों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। टेनेबल के सीनियर स्टाफ रिसर्च इंजीनियर सतनाम नारंग ने हाल ही में आईएएनएस को बताया 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए सबसे बड़ा खतरा मतदाताओं को लक्ष्य बनाकर फैलाई गई गलत सूचना और दुष्प्रचार है।

एआई के संभावित दुरुपयोग से चिंतित, केंद्र ने पिछले महीने कहा था कि सोशल मीडिया मध्यस्थों को किसी भी पूर्वाग्रह या भेदभाव की अनुमति नहीं देनी चाहिए या चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को खतरे में नहीं डालना चाहिए।

आईटी मंत्रालय की एक नई एडवाइजरी अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है, जिसमें कहा गया है कि डिजिटल प्लेटफ ॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और वह ऐसा कहकर बच नहीं सकते कि यह एआई मॉडल परीक्षणाधीन है। एडवाइजरी के अनुसार आईटी अधिनियम और/या आईटी नियमों के प्रावधानों का अनुपालन न करने पर मध्यस्थों या प्लेटफर्मों या इसके यूजरों की पहचान होने पर संभावित दंडात्मक परिणाम होंगे, जिसमें आईटी अधिनियम और आपराधिक संहिता के कई अन्य कानूनों के तहत अभियोजन शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

## आतंकियों को पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे, मुंहतोड़ जवाब देंगे, विदेशी मीडिया के दावे पर रक्षा मंत्री की दो टूक

नई दिल्ली ,एजेंसी।

**अगर आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देंगे तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अगर वे पाकिस्तान भाग गए तो भारत उन्हें पड़ोसी देश में घुसकर मार गिराएगा।** ये बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी सरकार के स्पष्ट एजेंडे को दिखाते हुए कही है। रक्षा मंत्री एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के एक अभियान के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों की हत्याएं कीं। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पड़ोसी देश के आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करेंगे, तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं, तो हम उन्हें मारने के लिए पाकिस्तान में घुसेंगे।

## संतोष पांडेय बोले- राहुल गांधी ने पीएम मोदी को कहा था पनौती

लोकशक्ति । संवाददाता



जनसभा को संबोधित करते हुए मौजूदा राजनांदगाव सांसद संतोष पांडे ने कहा कि, राहुल गांधी ने पीएम मोदी को पनौती कहा था। दिल्ली में जब लाल किले की ओर बढ़ रहे थे, तब भी आपत्तिजनक बातें कही थी। आज बीजेपी का स्थापना दिवस है। हमारी पार्टी की विचार यात्रा जनसंघ के समय से शुरू हुई। उन्होंने आगे कहा कि, भूपेश बघेल की सभा में चरणदास महंत ने कहा था कि, एक ऐसा व्यक्ति चाहिए जो मोदी का सिर फोड़ सके। अगर हिम्मत है तो पहले मुझ पर लाठी चलाकर बताओ और यही इनकी संस्कृति है।

## कवर्धा में बोले एमपी के सीएम डॉ. मोहन : भगवा का अपमान बर्दाश्त नहीं

लोकशक्ति । कवर्धा ।

**भारतीय जनता पार्टी का चुनावी शंखनाद करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 15 वर्षों तक पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को संवारने का काम किया पर कांग्रेस ने सब ख़राब कर दिया। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।**



मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को कवर्धा में आहूत भाजपा की महती चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 56 इंच के सीने वाले हैं। आज दुश्मन के देश में घुसकर दुश्मनों को मार रहे हैं और देश के अंदर के दुश्मन भी ?बचने वाले नहीं हैं क्योंकि देश के गृह मंत्री अमित शाह हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यादव ने कहा कि आज का भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारता है। दो बार हमनें पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। हमारे जवान अभिनंदन को पाकिस्तान ने पकड़ लिया और बार बार फोन करके बात करने बोला परंतु हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को साफ़कह दिया कि यदि हमारे सैनिक को जरा भी खरोंच आई और नहीं छोड़ा तो पाकिस्तान की यह आखिरी रात होगी। प्रधानमंत्री मोदी दोस्त के साथ दोस्ती और दुश्मन के साथ दुश्मनी वाली नीति पर चलते हैं।

**जहां विष्णु हैं वहां विजय निश्चित-यादव**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि अंग्रेज आए, मुग़ल, आए और न जाने कितने आक्रांता आए पर भगवा का बाल भी बांका नहीं हुआ। आज पांच सौ वर्षों बाद भगवान अयोध्या में मुस्कुरा रहे हैं ।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

**रायपुर,** । छत्तीसगढ़ में जिला बीजापुर के थाना उसूर क्षेत्रांतर्गत तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर डोलीगुट्टा के जंगलों में सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के पश्चात घटना स्थल की सर्चिंग करने पर घटना स्थल से 3 माओवादियों के शव एवं 01 एलएमजी, 1 एके-47 समेत कई हथियार बरामद किया गया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर डोलीगुट्टा गांव के जंगलों में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए।

यूपी उमड़ी भीड, लगे जय श्री राम के नारे

## गाजियाबाद में मोदी-योगी ने किया भव्य रोड शो

एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में BJP के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथ में कमल लेकर शनिवार को विशाल और भव्य रोड किया है। इस दौरान मोदी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह भी मौजूद रहे। BJP कार्यकर्ताओं के साथ गाजियाबाद की आम जनता भी PM के रोड शो को लेकर उत्साहित नजर आई।






**गाजियाबाद में मोदी ने किया भव्य रोड शो** - आपको बता दें, गाजियाबाद के मालीवाड़ा चौक से चौधरी मोड़ तक मोदी ने BJP के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में भव्य रोड शो किया। इस रूट पर शहर के तमाम बड़े उद्योगपतियों के शोरूम हैं और तमाम कॉलोनियां हैं और काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है और ये शहर का मुख्य मार्ग है। मोदी के इस रोड शो में CM योगी समेत BJP के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए और वहीं गाजियाबाद की जनता ने मोदी के शहर आगमन पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान भारी जनसैलाब गाजियाबाद की सड़कों पर PM मोदी का अभिनंदन करता नजर आया। लोकसभा चुनाव में 400 पार के नारे के साथ चुनाव मैदान में उतरी BJP हर एक सीट पर पैनी नजर बनाए हुए है।

## पीएम मोदी ने अजमेर में साधा कांग्रेस पर निशाना, कहा-राम के देश में कांग्रेस करती है प्रभु से ही नफरत

अजमेर.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर अजमेर में निशाना साधा. पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रभु श्रीराम से नफरत करती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर अजमेर में निशाना साधा. पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रभु श्रीराम से नफरत करती है और राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने के लिए अपने नेताओं को रोका. प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई नेता अगर आ गया तो उसे छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया. पीएम नरेंद्र मोदी, शनिवार को अजमेर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने लोगों से कहा कि राम मंदिर बना आप खुश हैं कि नहीं हैं. लेकिन कांग्रेस प्रभु श्रीराम से इतना नफरत करती है कि प्राण प्रतिष्ठा में आने का विरोध करना यह शोभा देता है क्या. इतना ही नहीं कि अगर कोई प्राण प्रतिष्ठा में आ गया तो उसको छह साल के लिए कांग्रेस पार्टी से निकाल दिया. क्या इस देश में ऐसा हो सकता है.



प्रभु राम के लिए क्या इस देश की कल्पना कर सकते हो. हमारे यहां तो सुबह-शाम मिलते हैं तो राम-राम कहकर अभिवादन करते हैं. और अंतिम विदाई में भी राम बोलो राम से ही जाते हैं. उस राम के खिलाफइतना गुस्सा? मेरे दिमाग में ही नहीं बैठ रहा. प्रभु श्रीराम अपने घर विराजे और यह रामनवमी आने वाली है, सजधज के लोग मनाने वाले हैं, देखते हैं कितना विरोध करते हो?

## खास - खबर

### राजेंद्र एशियन बॉक्सिंग की चयन समिति में शामिल

**भिलाई।** एएसबीसी एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2024 के लिए अंडर 22 पुरुष और महिला भारतीय टीम का चयन किया जाना है। इसके लिए गठित कमेटी में



बीएसपी के डीजीएम स्पोर्टस एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता राजेंद्र प्रसाद को शामिल किया गया है। वे शुक्रवार को पुणे के लिए रवाना हुए। चयन स्पर्धा एएसआई पुणे में 6 से 10 अप्रैल तक चलेगा। ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफइंडिया के चयन समिति के सदस्य हैं। बता दें कि यूथ अफेयर्स और स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री के दिशानिर्देशों के अनुसार, इस चयन समिति में अर्जुन अवार्डी का होना अनिवार्य है, जो कोचिंग कैम्प और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए मुक्केबाजों का चयन करेगी।इस दौरान खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

### रमजान में गरीबों के बीच राशन के साथ बांटी खुशियां

**भिलाई।** शहर में सक्रिय समाजसेवी संस्थाएं माहे रमजान की खुशियों में गरीबों और वंचितों को भी शामिल करते हुए इमदाद कर रही हैं। इस कड़ी में बैतुलमाल वेलफेयर सोसाइटी भिलाई और अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी भिलाई ने अलग-अलग आयोजनों में गरीबों को राशन तकसीम किया। बैतुलमाल वेलफेयर सोसाइटी भिलाई ने पिछले साल की तरह रमजान माह के दौरान मुस्लिम कम्युनिटी हॉल सेक्टर-6 और विवेकानंद नगर में आइडियल पब्लिक स्कूल के पास गरीबों एवं जरूरतमंदों को राशन किट वितरण किया। इसकी शुरुआत जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम खतीब हाफिज इकबाल अंजुम हैदर के हाथों की गई। बैतुलमाल कमेटी के तमाम ओहदेदार इस मौके पर मौजूद थे। अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने माहे रमजान के मुबारक महीने में लगभग 150 परिवारों के बीच राशन व जरूरत का सामान तकसीम किया। दुर्ग, पावर हाउस, कैंप-1, जामुल, रूआबांधा बस्ती, मरोदा बस्ती, विभिन्न सेक्टर क्षेत्र, खुर्सीपार, कोहका व अन्य हिस्सों में गरीब बस्तियों में यह राशन बांटा गया। इसके साथ ही उच्च शिक्षा ले रहे गरीब व वंचित परिवार के विद्यार्थियों को दस हजार रूपए चेक के माध्यम से दिए गए।

### तालाबों को भरने के लिए शहर के नहर, नाला व नालियों की सफाई अभियान जारी

**दुर्ग।** भीषण गर्मी के मौसम में शहर नगरवासियों को निस्तारी जल के संकट से दूर करने के उद्देश्य से नहर नाली के माध्यम से शहर के तालाबों में पानी भरने का कार्य के लिए नगर के मध्य से गुजरने वाली प्रमुख नहर नालियों की सफाई का कार्य सफाई कर्मियों को लगाकर कार्य प्रारंभ किया गया है। नगर पालिक निगम क्षेत्र अन्तर्गत बोरसी के क्षेत्र में स्थित नहर नाली की सफाई प्रगति पर है एवं रायपुर नाका बीआईटी कॉलेज के सामने से होते हुए वार्ड क्रमांक 23 आत्मानंद स्कूल होते हुए वार्ड 22 एवं शीतला तालाब तक जाने वाले नहर की सफाई का कार्य जारी है नगर पालिक निगम के आयुक्त लोकेश चंद्राकर नहर नाली सफाई कार्य का अवलोकन करते हुए कहा कि सिचाई विभाग द्वारा 9 अप्रैल से छोड़े जाने वाले पानी के पूर्व नहर की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाए द्धनहर नाली के माध्यम से नगर निगम द्वारा शहर के निस्तारित तालाबों में जलभराव किए जाने से वार्ड वासियों एवं नगर वासियों को राहत मिलेगी।

# चुनाव के लिए अच्छी तैयारी हो तो आगे दिक्कते नहीं आएगी : राठौर

## मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम पर दिया जाए जोर

लोकशक्ति।

**दुर्ग। संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने कहा है कि चुनाव हेतु अच्छी तैयारी हो तो आगे कार्य में दिक्कते नहीं आएगी। प्रशासनिक तैयारियों के साथ ही जिले में निर्वाचन का माहौल दिखना चाहिए। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में संभाग आयुक्त के नाते हर संभव प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध करायी जाएगी। संभाग आयुक्त राठौर कला मंदिर भिलाई में लोकसभा निर्वाचन-2024 के सिलसिले में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे।**



संभाग आयुक्त राठौर अधिकारियों की संयुक्त बैठक में एफएसटी, एसएसटी एवं सी-विजिल एप्लीकेशन में ऑनबोर्डिंग तथा केन्द्रीय एवं राज्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा ईएसएनएस की अब तक कार्यवाही, जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की तैयारी एवं चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का गंभीरतापूर्वक पालन कराना सुनिश्चित करें अधिकारी। चुनाव संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही किया जाए। जिले में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम जन सहभागिता के साथ चलायी जाए। सी-विजिल एप का प्रचार-प्रसार होना चाहिए। सी-विजिल एप नागरिकों के लिए निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता और व्यय संबंधी उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए एक नवोन्मेषी मोबाईल ऐप्लीकेशन है। सी-विजिल स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन में नागरिकों द्वारा निभाई जा सकने वाली सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2024 की तिथि के आधार पर मतदाता सूची में नया वोटर्स की नाम जोड़ी जाए। नया वोटर्स को प्रेरित करने स्कूल एवं महाविद्यालयों के पास ''मेरा पहला वोट देश के लिए'' श्लोगन संबंधित होर्डिंग्स लगायी जाए। संभाग आयुक्त राठौर ने कहा कि मतदान केन्द्र में वोटर्स को पूरी सुविधाएं मिलना चाहिए।

बुथ में वाटर कन्टेनर, छाया, सिनियर सिटीजन के लिए बैठने की व्यवस्था हो, लॉ-आर्डर की स्थिति में बांड ओवर प्रकरण लंबित न हो। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने का काम स्मूथली चलना चाहिए ताकि मतदाता निर्भिक होकर निष्पक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारी-कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लगी है वे मतदान से वंचित न हो, उनके लिए पोस्टल बैलेट की समुचित प्रबंध किया जाए। संभाग आयुक्त ने बेहतर तैयारी के साथ चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी। आई.जी. आर.जी. गर्ग ने कहा कि चुनाव कार्य को नये चौलेंज के रूप में स्वीकार करें अधिकारी। सेक्टर अधिकारी अपनी टीम के साथ संबंधित थाना प्रभारी से रू-ब-रू चर्चा कर स्थिति का जायजा लेवें। मतदान दिवस 100 मीटर की दायरे वाले प्रतिबंधित क्षेत्र व भीड़ पर विशेष नजर रखें। पुलिस एवं राजस्व अधिकारी संबंधित क्षेत्र में शांतिपूर्ण चुनाव के लिए अपनी सूचनातंत्र को मजबूत रखें। आई.जी. गर्ग ने कहा कि एफएस.टी./एस.एस.टी. टीम के अधिकारियों की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। पुलिस अधिकारी चुनाव पूर्व प्रारंभिक कार्यवाहियों पर विशेष ध्यान देवें।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना पुलिस प्रशासन का उद्देश्य होता है। लोकतंत्र में चुनाव एक ऐसा महापर्व है, जिसमें सभी को अपनी सहभागिता के लिए बाहर निकलना पड़ता है।

### अधिकारी निष्पक्षपता से कार्य करें : कलेक्टर

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि अधिकारी निष्पक्ष रहे और कार्य में निष्पक्षता झलकना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को रूटचार्ट के आधार पर क्षेत्र भ्रमण कर वस्तुस्थिति से वाकिफ होने कहा। मतदाताओं को प्रलोभन देने की शिकायतें न हो। वाहन चेकिंग के अलावा सामग्री आदि बंटने की सूचना की जानकारी अधिकारी को होना चाहिए। सेक्टर अधिकारियों को सेकण्ड चरण चुनाव संपन्न होने वाले जिले की सीमाओं पर भी विशेष ध्यान देना होगा। मतदान केन्द्रों में मतदान संबंधित जानकारी उल्लेखित हो व रैम्प, व्हील, चेयर, छाया व पेयजल का समुचित प्रबंध हो। अधिकारी चुनाव बहिष्कार जैसे मुद्दो पर भी नजर रखें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में तृतीय चरण में चुनाव संपन्न होना है। अधिकारी निष्पक्ष भाव से सावधानीपूर्वक चुनाव कार्य प्रारंभ करें। कलेक्टर ने संभाग आयुक्त को जिले में चुनाव की तैयारियों और अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केन्द्रों में छाया की व्यवस्था हेतु 5 हजार रूपए एवं पेयजल व्यवस्था हेतु 15 सौ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत नगरीय निकायों एवं पंचायतों के मतदान केन्द्रों में आवश्यक प्रबंध की जाएगी।

# वैशाली नगर में बंद होंगे नशा बेचने वाले स्मोकिंग जोन

## शिकायतों के बाद विधायक रिकेश का एक्शन



लोकशक्ति।

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के तहत नेहरू नगर व अन्य जगह संचालित हो रहे स्मोकिंग जोन जल्द बंद हो जाएंगे। इन क्षेत्रों में स्मोकिंग जोन संचालित होने की शिकायत लगातार स्थानीय नागरिकों और मार्केट के व्यापारियों से मिलने पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से एक्शन शुरू किया है।

विधायक रिकेश ऐसे स्मोकिंग जोन की आड़ में परोसे जा रहे अन्य खतरनाक नशा को युवा पीढ़ी के लिए खतरा बताते हुए तत्काल चिन्हित स्मोकिंग जोन पहुंचे। शुक्रवार की रात को विधायक रिकेश ने अचानक गलियों से निकल कर दबिश दी। इस दौरान धुआं उड़ा रहे युवक वहां से भाग निकले।

विधायक रिकेश सेन ने संचालक को फोन कर तत्काल गुमास्ता नगर निगम में जांच के लिए भेज कल से दुकान बंद करने निर्देश दिए हैं। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि ऐसे स्मोकिंग जोन? युवाओं का दशा और दिशा बिगाड़ रहे हैं?, वैशाली नगर विधानसभा में ऐसे कोई जोन संचालित नहीं होंगे।

### सुरक्षा बलों के लिए मरोदा रेलवे स्टेशन पर बना आस्थाई पंडाल, आयुक्त ने किया निरीक्षण

**रिसाली।** लोकसभा आम चुनाव में शांति पूर्ण मतदान कराने केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। अलग अलग राज्यों से आए सुरक्षा बल मोर्चा सम्हालेंगे। गर्मी को देखते हुए जवानों के अस्थाई विश्राम के लिए रिसाली निगम ने मरोदा रेलवे स्टेशन के निकट टैंट लगवाया है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने टैंट का न केवल निरीक्षण की, बल्कि आवश्यक निर्देश भी दिए। नगर पालिक निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा है कि गर्मी तेज है। सैकड़ों किलोमीटर सफर कर दुर्ग पहुंचने वाले सुरक्षा जवानों को गंतव्य स्थान पहुंचने से पहले सुविधाएं मिलनी चाहिए। पानी व बैठक व्यवस्था के लिए कुर्सी अथवा दरी की व्यवस्था और रात में पर्याप्त रोशनी हर हाल में करने कहा है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में सुरक्षा बल की टुकड़ी बाहर राज्यों से आकर दुर्ग में आमद दे रही है।

## अखिल भारतीय गढ़वाल समाज का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

लोकशक्ति।



**भिलाई।** अखिल भारतीय गढ़वाल समाज भिलाई मंडल का बैठक एवं होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ गढ़वाल मंगल भवन चंद्र नगर कोहका में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं ब्रह्मलीन बापू मुरारी लाल ब्रम्हे के छायाचित्र एवं पूजा अर्चना करते हमारे संरक्षक धन्नालाल अजीत भिलाई मंडल अध्यक्ष लीला देवी काशीपुरी, कोषाध्यक्ष भरत लाल ब्रम्हे, सचिव राजकुमार ब्रम्हे एवं अन्य उक्त कार्यक्रम के पश्चात गोपाल नागेश्वर एवं सरला अजीत एवं उनकी टीम द्वारा फाग गीत गाकर रंग गुलाल एवम फूलों की होली के साथ उपस्थित जन समुदाय का हर्षवर्धन किया गया।

तत्पश्चात दोपहर के भोजन के बाद अखिल भारतीय गढ़वाल समाज का प्रथम भवन निर्माण के अधूरे कार्य से संबंधित आपसी चर्चा की गई। उक्त भवन निर्माण कार्य को अभिलंब करते हुए भिलाई मंडल की मदद से कार्य पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। उक्त कार्यक्रम में फकीरा लाल चावले,राजा शिवाले मोहन चावले भारत लाल ब्रम्हे राजकुमार ब्रम्हे नागेश्वर संतोष गढ़वाल धन्नालाल ,अजीत रविंद्र पांडे कैलाश काशीपुरी मानक लाल चावले सुखनंदन वराडे शिव अजीत, टेकराम हरिंद्रवर ,दिनेश अजीत अभिषेक अजीत , पीतम अजीत,मनोज कश्यप संतोष कश्यप कपिल हरिंद्रवार, रमेश नागेश्वर ,पवन सूर्यवंशी ,राहुल परिमल चमन वराडे नीरज चावले महेंद्र पांडे नारी शक्ति में रेखा ब्रम्हे, मीरा पांडे ,नीलू अजीत, सरला अजीत, उषा हरिंद्रावर, प्रमिला सूर्यवंशी, सरला ब्रम्हे सोनू शिवाले,अंजनी चावले तुलसा चावले, कुंती काशीपुरी, भारद्वाज ( शिवपुरी) एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# सेल शाबाश योजना के तहत ब्लास्ट फर्नेस विभाग के 71 कर्मचारी हुए सम्मानित

लोकशक्ति।

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग के 71 कर्मचारियों को उनके अभिनव प्रयासों के प्रोत्साहन के लिए, लॉन्च की गई 'सेल शाबाश' योजना के तहत, श्रेणी -1 और श्रेणी -2 पुरस्कार के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।



इसके अलावा, 2 अप्रैल 2024 को ब्लास्ट फर्नेस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में, ई-7 स्तर तक के अधिकारियों सहित 33 कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने, सम्मान प्राप्त सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए, उनके कार्यक्षेत्र में हासिल की गई विशेष उपलब्धियों और योगदान के लिए उनकी सराहना की।

ब्लास्ट फर्नेस विभाग के मुख्य महाप्रबंधक सौम्या तोकदार ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, ब्लास्ट फर्नेस विभाग के सभी अधिकारियों और कार्मिकों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया। ज्ञात हो कि ब्लास्ट फर्नेस विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 के आबंटन के अनुरूप इस योजना का क्रियान्वयन पूरा कर लिया है। इस अवसर पर सौम्या तोकदार ने योजना शुरू करने में सेल कॉर्पोरेट कार्यालय के सक्रिय प्रयासों के लिए हार्दिक सराहना व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह योजना संगठन के भीतर दीर्घकालिक विकास की क्षमता को पहचानने, प्रशंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उल्लेखनीय है कि पहली बार प्रशंसा पत्र, पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मोड में तैयार किये गये।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक देवेन्द्र चैधरी द्वारा किया गया। 'सेल शाबाश' योजना के तहत जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए, उनमें श्रेणी-1 पुरस्कार के लिए सम्मानित कर्मचारियों में, मास्टर तकनीशियन चंद्र शेखर पांडेय, वरिष्ठ प्रबंधक राम रे रात्रे, मुख्य मास्टर तकनीशियन तरूण कुमार साहू, मुख्य मास्टर तकनीशियन गोपाल भीमटे, मास्टर तकनीशियन सुभाष चंद्रा, मास्टर टेक्नीशियन हीरा लाल साहू, मास्टर ऑपरेटर बी राजेश तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशांत दत्ता, वरिष्ठ प्रबंधक अभिजीत चैधरी, उप प्रबंधक शाजी बाबू, मुख्य मास्टर तकनीशियन प्रेमलाल सिन्हा, मास्टर संचालक सफीउल्ला खान, मास्टर तकनीशियन प्यारेलाल ठाकुर, मास्टर तकनीशियन उमेंदी राम चुरेन्द्र, मास्टर तकनीशियन मुकेश कुमार सोनी, सी मेन कम मास्टर ऑपरेटिव लक्ष्मी नारायण देवांगन, प्रभारी सह मास्टर तकनीशियन लीलाधर डड़वे, मास्टर संचालक तेजराम ठाकुर, मुख्य मास्टर तकनीशियन राजेश कुमार नायक, मास्टर संचालक भगवती प्रसाद विश्वकर्मा, मास्टर संचालक जय कुमार रावत, मास्टर तकनीशियन शेख मोहम्मद सब्बीर, संचालक सह तकनीशियन तुकु माझी, संचालक सह तकनीशियन लक्ष्मी देवांगन, मास्टर संचालक छबीलाल साहू, मुख्य मास्टर तकनीशियन भागवत लाल ठाकुर, मुख्य मास्टर तकनीशियन अंजन कुमार दत्ता, मास्टर तकनीशियन पालसिंह ठाकुर, मास्टर तकनीशियन संतोष कुमार सराठे, मास्टर संचालक टक्कर सिंह ठाकुर, मास्टर तकनीशियन चुन्नीलाल ठाकुर, मास्टर तकनीशियन समीर घोष,मास्टर तकनीशियन अरुण कुमार मेश्राम, मास्टर संचालक युवराज सिंह नेताम शामिल हैं।

# दल्ली यंत्रीकृत खदान को दो नए बीईएमएल शोवेल तथा एक नए ड्रिल मशीन की सौगात

लोकशक्ति।

**भिलाई। बीएसपी को लौह अयस्क की सतत आपूर्ति को बनाये रखने तथा दल्ली यंत्रीकृत खदान की उत्पादकता बनाये रखने के उद्देश्य से 04 अप्रैल, 2024 को दो नए बीईएमएल शोवेल तथा एक नए ड्रिल मशीन की सौगात दल्ली यंत्रीकृत खान को प्राप्त हुई। दल्ली यंत्रीकृत खदान के एचईएमई गैरेज में मशीनों के उद्घाटन समारोह के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। दासगुप्ता ने 04 अप्रैल की संध्या मशीनों की पूजा अर्चना कर इन्हें खदान को समर्पित किया।**



इस अवसर पर अनिर्बान दासगुप्ता ने लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा एवं दल्ली यंत्रीकृत खदान को वित्त वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भिलाई इस्पात संयंत्र को लौह अयस्क की आपूर्ति के लिए लौह अयस्क समूह द्वारा किये जा रहे सामूहिक प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने खदान में नये मशीनों के शामिल होने पर बधाई देते हुए कहा कि खदान में इन मशीनों का उपयोग सुरक्षित ढंग से किया जाए, जिससे सुरक्षा के साथ हम अपनी उत्पादकता को बढ़ा सके।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (खदान-आईओसी) आर बी गहरवार, महाप्रबंधक (दल्ली) पी एम शिरपूरकर, महाप्रबंधक (खदान) बिपिन कुमार, महाप्रबंधक (खदान) सुकांतो मंडल, उप महाप्रबंधक आनंद, प्रबंधक (खदान) पंकज कुमार सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा बीईएमएल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। लौह अयस्क समूह के एक और महत्वपूर्ण खदान राजहरा यंत्रीकृत खदान को भी एक नए बीईएमएल शोवेल की सौगात मिली, जिसका उद्घाटन कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (खदान) बिपिन कुमार गिरी, महाप्रबंधक (राजहरा) सी श्रीकांत तथा राजहरा यंत्रीकृत खान के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थे। दल्ली यंत्रीकृत खान, लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा की एक महत्वपूर्ण खदान है। भिलाई इस्पात संयंत्र को लौह अयस्क की आपूर्ति करने में दल्ली यंत्रीकृत खदान की महती भूमिका रहती है।

असंगठित क्षेत्र की कर्मी को मिला न्याय

# स्कूल को देना होगा 2 माह का वेतन और अनुभव प्रमाणपत्र

**भिलाई।** 9 वर्ष से एक निजी स्कूलों में कार्यरत शिक्षिका को स्कूल प्रबंधन ने बिना नोटिस दिए अचानक नौकरी से निकाल दिया, इससे महिला शिक्षिका को मानसिक आघात हुआ। असंगठित क्षेत्र में बिना किसी पूर्व सूचना के अपमानित कर काम से निकाले जाने के इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ महिला आयोग ने सख्त ऐतराज जताया और पीड़ित महिला को इंसाफ दिलाया है। महिला आयोग की पहल पर अब स्कूल प्रबंधन प्रभावित शिक्षिका को 9 साल का अनुभव प्रमाण पत्र और दो माह का वेतन देने राजी हुआ है।

मामला इस्पात नगरी भिलाई के प्रतिष्ठित टावरी परिवार का है। इस परिवार की बहू सुरुचि टावरी राजधानी रायपुर के टाटीबंध स्थित किड्जी स्कूल में शिक्षिका थी। शिकायत में शिक्षिका ने बताया कि 3 मार्च 2024 को निजी स्कूल के वार्षिक उत्सव में उन्होंने हिस्सा लिया। जहां प्राचार्य ने सबके सामने उनके कार्य की भरपूर प्रशंसा की। फिर इसके 3 दिन बाद अचानक 7 मार्च 2024 को प्राचार्य ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया। अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के इस तरह अपमानित कर नौकरी से निकाले जाने से शिक्षिका श्रीमती टावरी बेहद परेशान हो गई। उन्होंने




इस बाबत छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शिकायत की। इसके उपरांत नोटिस जारी कर आयोग ने स्कूल संचालिका सोनल बैद सहित 4 लोगों को तलब किया था। जहां सुनवाई के दौरान प्राचार्य ने कहा कि उनके स्कूल में 2 से 5 वर्ष तक के बच्चे पढ़ते हैं। कुछ बच्चों के पालकों की शिकायत पर शिक्षिका को नौकरी से निकाला गया है। इस पर प्रभावित शिक्षिका का कहना था कि उसे कभी भी शिकायत के बारे में जानकारी नहीं दी गई ना ही कोई नोटिस दिया गया। अचानक नौकरी से निकाल देने से उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। आयोग अध्यक्ष डॉक्टर किरणमयी नायक एवं सदस्य बालू बघेल ने दोनों पक्षों को विस्तार से सुना। महिला ने अपने 9 साल के कार्यकाल का अनुभव प्रमाण पत्र व नोटिस पीरियड का 2 माह का वेतन मांगा। इस पर स्कूल प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया।

# सनातनियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया, हिन्दू ध्वज का किया अपमान







**कवर्धा।** कांग्रेस ने अपने 5 साल के शासनकाल में कवर्धा को अशांत कर दिया था। यहाँ के तत्कालीन विधायक मोहम्मद अकबर के शह पर सनातनियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया, हिन्दू ध्वज का अपमान किया गया। भुनेश्वर साहू की हत्या हुई। पिछले 5 वर्षों में कवर्धा ने क्या-क्या नहीं देखा। लेकिन कवर्धा की जनता ने भी बता दिया कि जीत हमेशा सत्य की होती है, सनातन की होती है। यहाँ से कांग्रेस को उखाड़ फेंका और अब भूपेश बघेल को भी ऐसे हराना है, जिससे कि वो दोबारा राजनांदगांव की तरफ देख भी न सके। कवर्धा में आयोजित विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांग्रेस और भूपेश बघेल पर खूब बरसे।

साय ने पिछली कांग्रेस सरकार को लूट और घोटाले की सरकार बताते हुए कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने युवाओं को जुआ का लत लगा दिया। महादेव एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा है। उनके इस कृत्यों को देखते हुए राजनांदगांव लोकसभा की जनता ने उसे भगाने के लिए पूरी तरह से कमर कस लिया है। कांग्रेसियों को फिर से मजा चखाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन में हुए घोटाले के आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। कभी गद्दे में सोने वाले आज जेल में नीचे सो रहे हैं, मच्छर से परेशान हैं।

## खास खबर...

### टेका में माता कर्मा की जयंती पर निकाली गई शोभायात्र



**रायपुर।** ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में टेका में शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा ग्रामीण साहू समाज भवन से होते हुए गांव भ्रमण के लिए निकली जिसमें महिला, पुरूष, बच्चे सभी शोभायात्रा में शामिल हुए। टेका साहू समाज के द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार कर्मा जयंती मनाया गया। भक्त माता कर्मा के छायाचित्र पर गुलाल पुष्प अर्पित किया

### सरोना में मनाई गई मां कर्मा जयंती

ग्रामीण साहू समाज सरोना द्वारा मां कर्मा मंदिर सरोना में साहू समाज ने हवन, पूजा-अर्चना व आरती के साथ माता कर्मा की जयंती मनाई गई। इसके बाद साहू समाज द्वारा सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि साहू समाज ग्रामीण संरक्षक पुष्कर साहू थे। अध्यक्षता साहू समाज सरोना महेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि अनिल गजपाल, बीदे साहू थे। मुख्य अतिथि ने माता कर्मा से प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

### केंद्रीय विद्यालय में पहली कक्षा के लिए आवेदन 15 तक

**रायपुर।** केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जारी सूचना के मुताबिक केवीएस में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। इसके बाद पहली चयन सूची 19 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद 29 अप्रैल और 8 मई को लिस्ट जारी की जाएगी। वहीं बाकी कक्षाओं के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी। इन कक्षाओं की चयन सूची 15 अप्रैल को जारी की जाएगी।

### रमन से सीएम साय ने की मुलाकात

**रायपुर।** पूर्व सीएम रमन सिंह से मुलाकात कर सीएम साय ने स्वास्थ्य का हाल जाना। रमन सिंह ने पोस्ट में बताया कि निवास स्थान रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आत्मीय मुलाकात हुई। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य का हाल जाना तथा विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। वित्तमंत्री ओपी चौधरी भी मुलाकात करने पहुंचे थे। रमन सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी से निवास स्थान, रायपुर में मुलाकात सुखद रही। इस मुलाक़ात के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य का हाल जाना और प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा किया।

जिलाधीशों एवं पुलिस अधीक्षकों को पदयात्रियों की सुरक्षित पदयात्रा के लिए आवश्यक निर्देश जारी

# माता देवालयों में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोरशोर से जारी

**रायपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में नव अप्रैल से धूमधाम से नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्र जिसे वासंती नवरात्र भी कहते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा के नवस्वरूपों की नवरात्रि में विधिविधान से पूजन करने पर श्रद्धालुओं को न केवल अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है अपितु उनके जीवन में आने वाली विघ्न बाधाओं को मां हर लेती है। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर के प्राचीन मंदिर कलचुरि कालीन मां महामाया मंदिर पुरानी बस्ती, मां दंतेश्वरी मंदिर कुशालपुर, कालीमाता मंदिर महादेवघाट, आमापारा एवं आकाशवाणी रायपुर मरहीमाता मंदिर, बंजारी माता मंदिर, मावली माता मंदिर, कंकाली मंदिर, चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर, रतनपुर महामाया मंदिर, अंबिकापुर, बम्लेश्वरी माता मंदिर डोंगरगढ़ सहित प्रदेश के माता देवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा माता के दर्शन के साथ ही जगराता भजन कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु समस्त माता देवालयों में नवरात्रि की तैयारियां एवं श्रृंगार आदि के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा बैठकों का दौर जारी है। जंवारा बोना एवं घी एवं तेल के ज्योति कलशों के रखरखाव की तैयारियां जारी है।



गौरतलब है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रायपुर सहित प्रदेश के अनेक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से मां बम्लेश्वरी के दरबार डोंगरगढ़ के लिए पदयात्रियों का जत्था बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आठ अप्रैल की शाम को रवाना होगा। मुख्य सचिव छग शासन डीजीपी छग एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा दुर्ग संभाग के आयुक्त एवं जिलाधीशों एवं पुलिस अधीक्षको को पदयात्रियों की सुरक्षित पदयात्रा के लिए आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं।

### 99 साल से जल रहे अखंड दीपक के होंगे दर्शन

हरिद्वार के गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में 99 साल से प्रज्वलित सिद्ध अखंड दीपक के दर्शन प्रदेशवासियों को कराया जाएगा। गायत्री परिवार ने शुक्रवार को समता कॉलोनी के गायत्री शक्तिपीठ में जिला स्तरीय बैठक कर ये निर्णय लिया। जोन समन्वयक आदर्श वर्मा ने बताया कि माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के साथ अखंड दीप के भी 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अखंड दीपक को पूरे छत्तीसगढ़ में दर्शन के लिए भ्रमण कराया जाएगा। अखिल विश्व शांतिकुंज हरिद्वार में जल रहे अखंड दीपक को छत्तीसगढ़ लाने की तैयारी जोर-जोर से की जा रही है।

# कांग्रेस सरकार ने हमेशा महिलाओ को अपमानित किया है : लक्ष्मी राजवाड़े

## सांसद हेमामालिनी पर दिए कांग्रेस नेता सुरजेवाला के बयान पर बोली महिला बाल विकास मंत्री

**रायपुर।** ह्यमहिला-बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने महिलाओं का अपमान करने वाली कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों को मानसिक दीवालियापन की पराकाष्ठा बताया है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि देश और छत्तीसगढ़ की मातृ-शक्ति कांग्रेसियों की बदजुबानी का एक बार फिर से करारा जवाब देगी।

मंत्री राजवाड़े ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के उस बयान की कटु निंदा की, जिसमें हरियाणा की एक चुनावी सभा में वे अभिनेत्री और मथुरा की भाजपा सांसद हेमामालिनी पर अभद्र टिप्पणी करते हुए यह कहते सुने और देखे जा रहे हैं कि एमएलए/एमपी क्यों बनाते हैं? ताकि वो हमारी आवाज़ उठा सकें, हमारी बात मनवायें, इसीलिए बनाते हैं। कोई हेमामालिनी तो है नहीं, जो चाटने के लिए बनाते हैं? इससे पहले कांग्रेस की सोशल मीडिया हेड और प्रवक्ता, जो स्वयं महिला हैं, सुप्रिया श्रीनेत ने 25 मार्च को भाजपा प्रत्याशी और प्रसिद्ध अभिनेत्री कंगना राणावत के खिलाफ टिप्पणी करते हुए बाजारू बताया और छोटे काशी की तुलना महिलाओं की मंडी से की।



उन्होंने कहा कि यूँ तो कांग्रेस ने हमेशा नारी शक्ति को कदम-कदम पर अपमानित करने का कलंकित कृत्य किया है, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों की करारी पराजय और आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की साफ नजर आ रही हार से बौखलाए कांग्रेस के लोग अब अपनी वाणी का संयम खोते जा रहे हैं। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि एक ओर जहाँ भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार नारी शक्ति और महतारी वंदन योजनाएँ क्रियान्वित करके महिलाओं के सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में ठोस व सार्थक पहल कर रही है, वहीं कांग्रेस के तथाकथित बुद्धिजीवी प्रवक्ता और नेता महिलाओं के प्रति शर्मनाक टिप्पणी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

महिला-बाल विकास मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दुहाई देते रहने वाली कांग्रेस का इससे अधिक पाखंड और क्या हो सकता है कि नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस की नेत्रियों ने भी मौका मिलने पर न केवल महिलाओं के आत्म-सम्मान को लहूलुहान करने का कृत्य किया बल्कि महिलाओं के महिलाओं के साथ किए गए जघन्य अपराधों को लेकर अपने नेताओं का शर्मनाक बचाव तक किया। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि आज कांग्रेस एक लाख रुपए सालाना देने के चाहे जितने ढोल पीट ले, अब मातृ-शक्ति उस कांग्रेस के झाँसे में कतई नहीं आने वाली है, जिसके नेता महिलाओं के प्रति निम्न स्तर की मानसिकता का परिचय देते रहे हैं, आपराधिक वारदात तक को अंजाम देने में जरा भी नहीं हिचकते रहे हैं।

### 300 से ज्यादा लोग भाजपा में शामिल

भाजपा में लगातार विभिन्न संघों और पार्टियों से नेता-कार्यकर्ता शामिल हो रहे है। इसी कड़ी में भापजा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार को प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 300 से ज्यादा लोग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के 90 दिन का कार्यकाल आपने काम देखा है। बीजेपी की नीति रणनीति देखकर बीजेपी में आने का फैसला लिया आपका स्वागत है और अभिनंदन करता हूं। विश्व के नंबर वन नेता है जिस पार्टी के हम कार्यकर्ता हैं। हम अब आत्मनिर्भर हो रहे हैं. हम विकासशील देश से विकसित देश की ओर बढ़ रहे हैं। आज 1000 से ज़्यादा अलग-अलग क्षेत्र के लोग पार्टी में शामिल हुए। किरण देव ने आगे कहा कि लोकसभा का चुनाव में तीन फेस का नामांकन हो गया है। बूथ स्तर पर काम जारी है।

# कल महावीर नगर गुरुव्दारा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

## छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन का आयोजन

**रायपुर।** विश्व स्वास्थ दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को महावीर नगर गुरव्दारा के लंगर हॉल में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन समाज सेवी संस्था छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व्दारा प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे किया गया है। इसमें जेसीआई मेडिको और मोवा स्थित श्रीबालाजी हॉस्पिटल के विशेष डॉक्टर भी अपनी सेवाएं देगें। एसोसियेशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा और अध्यक्ष एचएस धींगरा ने बताया कि डॉक्टरों व्दारा रोग परीक्षण के साथ डॉयबिटिज और ब्लड प्रेशर की जांच के साथ ही दवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएगी।

स्वास्थ्य शिविर में एसोसियेशन की मेडिकल कमेटी के चेयरमेन और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बविन्दर चुग, नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर उमेशचन्द्र तिवारी, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना तिवारी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. जीतेन्द्र सराफ व डॉ. मनीष गुप्ता, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अश्वनी देवांगन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण मलहोत्रा, डॉ. शालिनी जैन, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. डिम्पल माखीजा, होमियोंपैथिक की डॉ. संध्या साहू द्वारा रोगों की जांच की जाएगी तथा उचित परामर्श दिया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ एक्युप्रेशर थैरापिस्ट सरदार राजपाल सिंह द्वारा प्रेशर थैरेपी से उपचार किया जाएगा।

त्रिवेणी डायनोस्टिक रायपुर व्दारा शिविर में रक्तचाप और मधुमेह का परीक्षण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व्दारा डॉक्टरों व्दारा सुझाई गई दवाएं भी मरीजों को नि:शुल्क दी जाएगी। एसोसियेशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा ने सभी जरुरतमंदो को शिविर में प्रात: 9 से दोपहर 1.00 बजे के बीच आ कर अपने स्वास्थ्य की जांच कराने की अपील की है। शिविर में कोई भी व्यक्ति आ कर अपनी जांच करा सकता है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन जनवरी 2018 से चिकित्सा, शिक्षा और परिवारिक परामर्श केन्द्र के क्षेत्र में श्री गुरुनानद देव की उपदेश सरबत का भला के उद्देश्य से मानव सेवा कर रही है।

# एनआईटी रायपुर व राउरकेला संयुक्त रूप से महानदी बेसिन पर करेंगे अध्ययन

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला संयुक्त रूप से केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के लिए महानदी नदी बेसिन पर 3 साल का अध्ययन करेंगे। महानदी नदी बेसिन का मूल्यांकन और प्रबंधन जल शक्ति मंत्रालय के अध्ययन का एक हिस्सा है। कावेरी, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, पेरियार जैसी प्रमुख भारतीय नदियों के लिए नदी बेसिन प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए समान अध्ययन करने यह अनोखी पहल की जा रही है।

इसी वर्ष फरवरी में एनआईटी रायपुर और एनआईटी राउरकेला के कंसोर्टियम संस्थान और आईआईटी कानपुर का समन्वय संस्थान के रूप में राष्ट्रीय नदी संरक्षण विभाग जल संसाधन नदी विकास और गंगा कायाकल्प जल शक्ति मंत्रालय के बीच अध्ययन शुरू करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए थे। महानदी नदी बेसिन के स्थिति मूल्यांकन और प्रबंधन योजना के लिए एक केंद्र का आधिकारिक उद्घाटन एनआईटी रायपुर में किया गया, केंद्र का उद्घाटन प्रोफेसर विनोद तारे, संस्थापक प्रमुख सीगंगा और प्रोफेसर आईआईटी कानपुर डॉ. एनवी रमना राव निदेशक, एनआईटी रायपुर और डॉ. के उमामहेश्वर राव, निदेशक, एनआईटी राउरकेला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



इस दौरान एनआईटी राउरकेला के निदेशक ऑनलाइन रूप में मौजूद रहे। प्रो. समीर बाजपेयी एनआईटी रायपुर में केंद्र प्रमुख हैं और प्रो. किशनजीत कुमार कटुवा, केंद्र प्रमुख एनआईटी राउरकेला हैं। एनआईटी राउरकेला की टीम के सदस्यों के साथ-साथ (सी महानदी) एनआईटी रायपुर की आयोजन टीम में डॉ. अजय अहिरवार, डॉ. इश्तियाक अहमद, डॉ. मणिकांत वर्मा, डॉ. विकास कुमार विद्यार्थी और डॉक्टर चंदन कुमार सिंह शामिल रहे। प्रोफेसर विनोद तारे ने बताया कि एनआईटी राउरकेला और एनआईटी रायपुर ओडिशा और छत्तीसगढ़ में महानदी नदी बेसिन पर व्यापक अध्ययन करेंगे, अध्ययन में नदी की वर्तमान स्थितियों का आकलन किया जाएगा और कई मापदंडों पर डेटा एकत्र किया जाएगा।

भंडारा व रक्तदान शिविर भी होंगे आयोजित

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव शुरू, प्रतिदिन निकलेगी प्रभात फेरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पावन धरा रायपुर में सकल जैन समाज हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 दिवसीय 2623 वा महावीर जन्म कल्याणक महामहोत्सव बड़े धूम धाम से मनाएगा। जन्म कल्याणक महोत्सव समिति 2024 के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा महासचिव वीरेंद्र डागा कोषाध्यक्ष अमित मूणत कार्यकारी अध्यक्ष अमर बरलोटा मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया की महावीर जयंती जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है। हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को महावीर जन्म उत्सव मनाया जाता है। यह त्यौहार भगवान महावीर के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है जो कि भारतीय इतिहास में सभी इंद्रिय संयम को धारण करने वाले एक महान तीर्थंकर धर्मप्रचारक थे।




उन्होंने बताया कि इस साल महावीर जयंती 21 अप्रैल (रविवार) को है। बता दें कि महावीर जन्म उत्सव का पर्व जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा जन कल्याण के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। भगवान महावीर ने समाज के सुधार और लोगों के कल्याण के लिए उपदेश दिए।महावीर स्वामी को समस्त जैन समुदाय में श्रद्धा के साथ याद किया जाता है और इस अवसर पर रायपुर राजधानी के सभी जिनालयो, जैन मंदिरों में पूजा अर्चना,प्रभात फेरी, शोभायात्रा, सम्मेलन, संत समागम, सांस्कृतिक कार्यक्रम,भोग प्रसादी भंडारा,आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। धार्मिक ग्रंथों के पाठ और व्याख्यानों का आयोजन किया जाता है। विश्वस्तरीय महावीर जन्म कल्याणक महामहोत्सव इस वर्ष भी काफी धूम-धाम से मनाया जाएगा।

6 से 20 अप्रेल तक 15 दिवसीय प्रभात फेरी का शुभारंभ होकर रायपुर के अलग अलग जैन मंदिरों,कॉलोनी, मोहल्लो, वार्डो से निकालेगी। प्रतिदिन प्रभात फेरी पश्चात 5 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चो के लिए धार्मिक फैंसी ड्रेस एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम होगा। 6 अप्रैल शनिवार को प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। सुबह 6.30 बजे यह प्रभात फेरी न्यू राजेंद्र नगर स्थित श्वेतांबर जैन मंदिर वर्धमान नगर से शुरू होकर अम्लीडीह चौक होते हुए वापस श्वेतांबर जैन मंदिर वर्धमान नगर में समाप्त हुई। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 7 अप्रैल को जीव दया दिवस का आयोजन किया गया है जो की प्रात: 6 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे समाप्त होगा जिसमे राजधानी के पशु पक्षियों मवेशियों कि सेवा की जायेगी। प्रात: 10 से शाम 5 बजे तक बजे स्किल डेवलपमेंट का कार्यक्रम रखा गया है।

12 अप्रैल को सामुहिक सामायिक आराधना, 14 अप्रैल को प्रात: 8 बजे जैन ध्वजा रोहण एवं अन्य कार्यक्रम, 15 अप्रैल को जैन व्यापार मेला एवं जैन गोट टेलेंट शो, 16 अप्रैल को संस्कृति की शाम जिनशासन के नाम, 17 अप्रैल को माता त्रिशला के लाल वर्धमान महावीर, 18 अप्रैल को प्रभु की भावपूर्ण भक्ति, 19 अप्रैल को मोक्ष के प्रेमी एवं शाली भद्र पर भव्य नाटिका, 20 अप्रैल को जैन कवियत्री सम्मेलन, 21 अप्रैल को सुबह विशाल भव्य शोभा यात्रा, स्वास्थ्य शिविर, शासन रत्न सम्मान, भगवान महावीर की 2623 दीपो से आरती आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिदिन आम नागरिकों के लिए रायपुर के विभिन्न स्थानों में महावीर प्रसादी भंडारा के आयोजन के साथ 15 दिवसीय रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। सम्पूर्ण आयोजन में प्लास्टिक का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

संपादकीय

## मोदी पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दे रहे

ब्रिटेन के अखबार 'दि गार्डियन' ने दावा किया है कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद नरेन्द्र मोदी की सरकार ने नीति बदल दी है। मोदी सरकार ने एजेंसियों को भारत के बाहर दूसरे देशों में बैठे आतंकवादियों को, हिन्दुस्तान के दुश्मनों को खामोशी से खत्म करने की खुली छूट दे दी है। 'द गार्डियन' का दावा है कि मोदी सरकार की इसी नीति का नतीजा है कि पुलवामा हमले के बाद अब तक बीस बड़े आतंकवादी पिछले दो साल में पाकिस्तान में मारे जा चुके हैं - किसी को अज्ञात व्यक्ति ने गोली मार दी, किसी को जेल में ज़हर खिला दिया गया, कोई घर में मरा पाया गया। द गार्डियन ने एक लंबी चौड़ी रिपोर्ट छापी है जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा पाकिस्तान में हो रही है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलवामा अटैक के बाद मोदी सरकार दूसरे देशों में घुसकर अपने दुश्मनों का सफ़ाया करवा रही है, आतंकवादियों को चुन-चुनकर मारा जा रहा है। और इस रिपोर्ट के मुताबिक़, भारत के एजेंट्स ने पिछले चार सालों में पाकिस्तान, ब्रिटेन और कनाडा में भारत के दुश्मनों का ख़ात्मा किया है। दि गार्डियन का दावा है कि उसके रिपोर्टर्स ने तहक़ीक़ात की है, भारत के रिटायर्ड RAW अफसरों से बात की है, पाकिस्तानी इंटेलिजेंस एजेंसी ISI के अफसरों से कन्फर्म किया है, उसके बाद ही ये रिपोर्ट तैयार की गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 से अब तक भारत की खुफ़िया एजेंसी रॉ ने पाकिस्तान में 20 सीक्रेट मिशन को अंजाम दिया है और, भारत के दुश्मन बने 20 दहशतगर्दों का काम तमाम किया है।



### लंबी उम्र की ना दुआ किया करो।

मोहब्बत में दर्द छुपा लिया करो,
दर्द के छालों को छुपा लिया करो।

आशिकी छुपाना होती नहीं आसां,
जमाने को मेरा नाम बता दिया करो।

हर दर्द की दास्तां होती है जुदा जुदा,
अपने दर्द को दिल में दबा दिया करो।

रूबरू होने की खुशियां चंद लम्हों की,
जुदाई के अहसास को दबा लिया करो।

सन्नाटे का शोर क्यों है इतना रातों में,
शोर को खामोशी में छुपा लिया करो।

इश्क में तेरी दुनिया लुट गई मेरी,
लंबी उम्र की ना दुआ किया करो।

**संजीव ठाकुर,**



# बढ़ती बीमारियों के बीच स्वास्थ्य-क्रांति की अपेक्षा



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार




**हर वर्ष दुनिया के लोगों की उन्नत स्वास्थ्य की अपेक्षा के साथ 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है। दुनिया भर में लोगों को प्रभावित करने वाले एक विशिष्ट स्वास्थ्य मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाना इसका ध्येय है। यह सामूहिक कार्रवाई, शिक्षा और सभी के लिए स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने का दिन है। 2024 की थीम - 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है।**

चिकित्सा के क्षेत्र में नए खोज, नई दवाओं और नए टीकों को बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है। सन् 1948 में, दुनिया के तमाम देशों ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, दुनिया को सुरक्षित रखने और कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए डब्ल्यूएचओ की स्थापना की, ताकि हर व्यक्ति हर जगह स्वस्थ्य रहे और उच्चतम स्तर की मदद प्राप्त कर सके। इसके दो साल बाद 1950 में पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया गया। इस बार का विषय इस सोच को दर्शाता है कि स्वास्थ्य एक बुनियादी मानव अधिकार है और हर किसी को बिना किसी वित्तीय कठिनाइयों के जब और जहां इसकी आवश्यकता हो, उसे स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।

दुनिया की बड़ी चिन्ताओं में स्वास्थ्य प्रमुख है। सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूची दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है। अस्वास्थ्य वर्तमान युग की एक व्यापक समस्या है। चारों ओर बीमारियों का दुर्भेध घेरा है। निरन्तर बढ़ती हुई बीमारियों को रोकने के लिये नई-नई चिकित्सा पद्धतियां असफ्ल हो रही है। जैसे-जैसे विज्ञान रोग-प्रतिरोधक औषधियों का निर्माण करता है, वैसे-वैसे बीमारियां नये रूप, नये नाम और नये परिवेश में प्रस्तुत हो रही है। 2021 में दुनिया की आधी आबादी से अधिक, 4.5 बिलियन से अधिक लोगों के पास आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं थी। दो अरब लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं क्योंकि उनके पास विभिन्न रोगों के उपचार पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। दुनिया भर में लगभग 930 मिलियन लोगों को अपने घरेलू बजट का 10 प्रतिशत या उससे अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करना पड़ रहा है, जिससे उनकी वित्तीय हालत और खराब हो रही है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस केवल जागरूकता बढ़ाने के बारे में नहीं है; यह परिवर्तन का उत्प्रेरक है, यह स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद है। यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करता है, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करता है, और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन सीमाओं और सांस्कृतिक विभाजनों से परे है। यह दुनिया भर के लोगों को एक समान लक्ष्य में एकजुट करता है, एक ऐसी दुनिया जहां हर कोई अच्छे स्वास्थ्य के साथ पनप सके। यह प्रभावी, सुरक्षित, सस्ती और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर जोर देता है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व क्षय रोग दिवस, विश्व टीकाकरण सप्ताह, विश्व मलेरिया दिवस, विश्व तंबाकू निषेध दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस, विश्व चगास रोग दिवस, विश्व रोगी दिवस के साथ डब्ल्यूएचओ द्वारा चिह्नित 11 आधिकारिक वैश्विक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस साल डब्ल्यूएचओ अपनी 75वीं वर्षगांठ भी मना रहा है, इसलिए इस दिन को खास बनाने के लिए, डब्ल्यूएचओ उन सार्वजनिक स्वास्थ्य सफ्लताओं को भी देखेगा, जिन्होंने पिछले साढे सात दशकों के दौरान जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस स्वास्थ्य देखभाल और बीमारी की रोकथाम में प्रगति को स्वीकार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सफ्ल रणनीतियों और नवाचारों को उजागर करना वैश्विक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आगे की सफ्लताओं और प्रतिबद्धता को प्रेरित कर सकता है।

भारत की स्वास्थ्य स्थितियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुधर रही है, लेकिन इस सुधार में तीव्रता की अपेक्षा है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी डेटा ने भारत में एक और बढ़ते स्वास्थ्य संकट पर प्रकाश डाला है और यह है मोटापा और एनीमिया। रिपोर्ट के अनुसार, अब पुरुषों की तुलना में दोगुनी संख्या में महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हो रही हैं। वहीं मोटापे के मामले में आंकड़ों पर नजर डालें तो महिलाओं में मोटापा 2015-16 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2019-20 में 24 प्रतिशत हो गया है। इनके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजरात, महाराष्ट्र सहित भारत के प्रमुख राज्यों में बच्चों में भी मोटापे में वृद्धि देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ, भारत 1.4 अरब से अधिक लोगों का घर है। 2018 में प्रति महिला औसतन दो बच्चों के जन्म पर, देश की जन्म दर प्रति हजार निवासियों पर 18.6 थी। औसत जीवन प्रत्याशा में 1920 के दशक से लगातार वृद्धि देखी गई है और 2019 में यह लगभग 69 वर्ष थी। हालाँकि, यह अभी भी लगभग 72 वर्षों के वैश्विक औसत से कम थी। विशेष नवजात देखभाल इकाइयों, नियमित टीकाकरण और बुनियादी मां और बच्चे की देखभाल सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करने पर सरकार के बढ़ते ध्यान के कारण पिछले कुछ वर्षों में शिशु मृत्यु दर में भी लगातार गिरावट आई है। इसके अलावा, जब से कन्या भ्रूण हत्या और लिंग-चयनात्मक गर्भपात के सरकारी नियमों ने ऐसी प्रक्रियाओं को अवैध बना दिया है तब से देश में इसमें अपेक्षाकृत गिरावट देखी गई है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों में बीमारियों पर नियंत्रण के लिये योग एवं साधना, संतुलित आहार एवं संयमित जीवनशैली को भी हिस्सा बनाना चाहिए। हमारे शरीर के दो महत्वपूर्ण अवयव हैं- दिल और दिमाग। यानी हृदय और मस्तिष्क। ये दोनों समूचे शरीर-तंत्र का संचालन एवं नियमन करते है। शरीर के प्रत्येक अवयव की जीवंतता, सक्रियता, क्षमता और स्वस्थता इन दानों की स्वस्थता पर निर्भर करती है। जितनी भी मानसिक और कायिक बीमारियां या विकृतियां उत्पन्न होती है, वे इस बात की गवाह है कि किसी एक ने 'रोड क्रोसिंग' पर खड़े 'ट्रेफ्फि पुलिस' के निर्देशों की उपेक्षा कर 'ओवर टेकिंग' की कोशिश की है। सारी दुनिया में बढ़ते हुए मनोरोग एवं हृदयरोग इसी आंतरिक अव्यवस्था का परिणाम है। अन्य असाध्य बीमारियों का कारण भी असंतुलित जीवनशैली है। इसलिये अच्छे स्वास्थ्य के लिये मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बरतना नितान्त अनिवार्य है और ऐसी जागृति के लिये विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों को माध्यम बनाया जाना चाहिए।

**यह निजी विचार है।**

# स्वास्थ्य रक्षा सरकार के साथ आमजन का भी दायित्व

**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**



भारत में आबादी के मुकाबले स्वास्थ्य सेवाओ की बहुत कमी है, स्वास्थ्य सेवांओ से यह तात्पर्य नहीं है कि केवल डाक्टरों की सुविधा ही, बल्कि डाक्टरों के आने वाली उन कई सहायक सेवाओं से है, जिसकी मदद से डाक्टर इलाज कर पाते हैं। वहीं चिकित्सा क्षेत्र में विकसित एवं विकासशील देश अरबों रुपए शोध कार्य पर खर्च कर रहे हैं। पर दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि जिन बीमारियों के लिए नयी-नयी दवाईयां खोजी जा रही हैं वे अमीरों की बीमारियां हैं, दिल संबंधी बीमारी, उच्च रक्त चाप, कैंसर, लिवर, किडनी प्रत्यारोपण और, सबसे बड़ी अमीरों की बीमारी है एड्स,। हर साल भारत सहित एशियाई देशों और अफ्रीका में लाखो व्यक्ति मलेरिया, कुपोषण, डायरिया, हैजा, डिहाईड्रेशन और टीकों एवं दवा के अभाव में दम तोड़ देते हैं, और इधर चिकित्सा विज्ञान प्लास्टिक सर्जरी के शोध करने में जुटा हुआ है। यहां यह भी गौर करने की बात है कि जिस तरह से कोरोना नामक महामारी 2019 में आई और लगभग 2024 में चली भी गई। इस? अनपेक्षित महामारी ने करोड़ों की संख्या में लोगों की जान ली थी।

स्वास्थ्य की महत्ता वर्षों पूर्व नेपोलियन बोनापार्ट ने समझकर ही यह कहा था कि ÷अगर मुझे स्वस्थ्य माएं मिले तो मैं एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकता हूं।÷ नेपोलियन की यह उक्ति आज भी प्रासंगिक है। किसी भी राष्ट्र के सुदृढ़ निर्माण में स्वस्थ्य मांएं और सुसंस्कृत महिलाओ की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे ही तो आने वाली स्वस्थ्य पीढ़ी की जन्मदात्री हैं। संभवतः इसी सत्य को स्वीकार करते हुए भारत सहित प्रदेशों की सरकारों ने अपने वृहद स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित किया है जिसके केंद्र में महिलाओं एवं बच्चों को रखा गया है, प्रदेशों की स्वास्थ्य क्षेत्र में देखा जाए तो पिछले वर्षों में कोई उल्लखनीय प्रगति नही हो पाई है। जैसे अविभाजित मध्यप्रदेश क्षेत्रफ्ल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़े राज्यों में है। 1991 की जनगणना के अनुसार यहां की कुल लगभग जनसंख्या 66135862 व्यक्ति मानी जाती है। लेकिन राज्य स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाओं की दृष्टि से अभी भी देश के अनेक राज्यों से काफी पिछड़ा है।

स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से मध्यप्रदेश राज्य के पीछे रह जाने के कारणों में यहां साक्षरता ,शिक्षा की कमी, आर्थिक पिछड़ापन, परिवहन के साधनों की न्यूनता और जनसंख्या में जनजाति संख्या का बाहुल्य है। 1981 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में साक्षरता का प्रतिशत 27.87 था, जो देश के साक्षरता प्रतिशत से काफी कम है। गैर शिक्षित लोग अंधविश्वासी और जादू टोनों से बड़ी बड़ी बीमारियों का उपचार करते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में धन नहीं जुट सका है। परिवहन की अपर्याप्त सुविधा के कारण मध्यप्रदेश में पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय और औषधालय नहीं खुल सके हैं। राज्य की जनसंसवा में लगभग 22.97 प्रतिशत भाग अनुसूचित जन जातियों का है जो दुर्गम घने वनों और पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करती है। इन क्षेत्रों में सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जनजाति के लोग सभ्य लोगों से मिलना जुलना पसंद नहीं करते हैं। वे अपना इलाज झाड़फूंक और जादू टोनों से करते है। अतः ऐसी स्थिति में यहां स्वास्थ्य सेवाओं का विकास अवरुद्ध रहा, फ्लतः मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों की तुलना में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं में काफी पीछे रह गया।

क्या आपको पता है कि सारी दुनिया में रोज पचास हजार से ज्यादा बच्चे मौत के मुंह में जा रहे हैं। वजह अतिसार, निमोनिया, पानी की कमी, कुपोषण जैसी साधारण बीमारियां हैं। सारी दुनिया में हथियारों और फौज के खरचो के हिसाब को देखे तो पता चलेगा कि कई सौ करोड़ डालर रोज खर्च किए जा रहे हैं। हर दिन खर्च होने वाले ये करोड़ों डालर सिर्फ इसलिए कि हमारी दुनिया सुरक्षित रह सके। इसके दूसरी तरफ जिन लोगों के लिए इस दुनिया को बचाया जा रहा है, उनकी बेसमय मौत रोकने के लिए होने वाले खर्च फौजी खर्च के पासंग भी नहीं है। भारत जैसे तीसरी दुनिया के देश में हर वर्ष करीब बीस लाख शिशु अपना पहला जन्मदिन देखे बगैर मौत का ग्रास बन जाते हैं। क्या कारण है कि हमारे पास काफी हंद तक असमय मौत रोकने के चिकित्सकीय सुविधाओं के होने के बावजूद भी हम इन्हें रोकने में नाकामयाब हो रहे हैं। कारण है सामाजिक जागरुकता का अभाव। दरअसल समस्या ,कही यह है कि स्वास्थ्य को बीमारी से जोड़कर देखा जाता है तो कहीं बीमारी की गैर मौजूदगी स्वास्थ्य का लक्षण समझा जाता है, जबकि ऐसा नहीं है।

एक स्वस्थ्य व्यक्ति का अर्थ मानसिक, शरीरिक, नैतिक रूप से उसका अपने वातावरण से सही संबंध होना है। स्वास्थ्य की इस पूरी परिभाषा की अनुपस्थिति बहुत सी समस्याओं को जन्म देती है। भारतीय संदभों में अपने भविष्य की सुरक्षा की जब हम बात करते हैं तो हमे स्वास्थ्य की इस परिभाषा और उसके सामजिक संदभों को केंद्र में रखना होगा। अपने मौजूदा हालात में तथ्यों को सिलसिलेवार देखें तो वे कुछ इस तरह से होंगे। भारत में रोज होने वाली मौतों का कारण है प्रमुख कुछ बीमारियां 1 गलघोंटू 2 काली खांसी 3 टेटनस 4 तपेदिक (टीबी) 5 पोलियो 6 खसरा (मीजल्स)। इन सभी रोगों से बचपन में टीकाकरण द्वारा बचाव हो सकता है। इन तथ्यों की रौशनी में एक बार फिर यदि बच्चों के भविष्य को देख तो तस्वीर उतनी स्याह नही रहती। यदि देश के बच्चों को टीके की सुविधा सामान्य रुप से मिलने लगे तो इससे बच्ची की मृत्युदर में कमी होगी। मृत्यु दर में कमी का अर्थ है कि माता पिता में बच्चों के भविष्य के प्रति विश्वास जागेगा और जन्मदर घटेगी, जन्मदर घटने के साथ वे बहुत सी बुनियादी सुविधाएं लोगों को मुहैया होने लगेगी जो अब तक उपलब्ध नहीं हैं।

यह बातें जितनी संभव लगते हैं उतनी है नहीं एक वैज्ञानिक सत्य है की तरक्की का एक सीधा असर यह होता है की जनसंख्या पर अपने आप नियंत्रण हो जाता है। इसे वैज्ञानिक डेमोग्राफ्कि ट्रांजिशन कहते हैं। यदि टीकाकरण और सामान्य स्वस्थ लोगों तक पहुंचाने की कोशिश में यदि इस डेमोग्राफ्कि ट्रांजिशन की स्थिति में पहुंचते हैं तो एक बड़ा कदम होगा। सर्दी के अंत तक सबके लिए स्वास्थ्य की मुहीम हमारे देश में चलाई जा रही है। इसका पहला? मोर्चा टीकाकरण टीकाकरण ही है। इस मोर्चे पर पिछले दिनों काफी कार्य हुआ है। विभिन्न इलाकों में सत्तर से नब्बे प्रतिशत के बीच टीकाकरण होने लगा है। राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान जो 1978 में प्रारंभ किया गया था आज तक की स्थिति तक आते-आते खासा काम कर चुका है। टीकाकरण और इस तरह के दूसरे अभियानों में जो दिक्कतें आती है वह सामाजिक अधिक होती हैं। हमारे देश में स्वास्थ्य और बीमारी जैसी बातें व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्याएं समझी जाती है। सारी वैज्ञानिक समझ के बाद यदि लोगों का सोचने का रवैया नहीं बदलता तो सफ्लता संदिग्ध हो जाती है। जरूरत इस बात की है कि टीकाकरण जैसी बातों के हर पहलू पर गांव देहात तक के स्तर पर चर्चा हो। सारे देश में जानकारी का ऐसा वातावरण बने जो लोगों के सीखने के तरीकों में बदलाव लाए।

दूसरी विडम्बना भी हमारे देश में मौजूत है। प्रायः यह देखते हैं कि हमारे देश में अमीरों के लिए बड़े बड़े अस्पताल हैं। छोटे छोटे शहरों में भी- प्राइवेट क्लीनिक और नर्सिंग होम खुले हुए हैं। इनमें चिकित्सा की आधुनिकतम सुविधाएं रहती है, साफ सफाई और सेवा सुश्रुषा पर ध्यान दिया जाता है। नर्सिंग होम या अस्पताल में आपरेशन, डीलिवरी, या इलाज इतनी मंहगी होती है कि गरीबों की चादर छोटी पड़ जाती है। जिनके पास पैसे नहीं है, उनकी बीमारियों का इलाज आज भी सरकारी दवाखानों में मुफ्त बंटने वाली लाल और पीली गोलियों से होता है। सरकारी हास्पिटल के जनरल वार्ड एक तरह से धनहीन लोगो के लिए आरक्षित रहते हैं। वहां इतनी गंदगी लापरवाही और धांधली रहती है कि स्वस्थ आदमी भी बीमार पड़ जाए। पर लाचार गरीब आदमी कर ही क्या सकता है। दवाएं और मंहगी होती जा रही हैं। टीबी, टायफाइड, चर्मरोग, कालरा, हैजा आंत्रशोथ जैसी छोटेआदमी की बीमारियों का इलाज खर्चीला हो गया है। और हैरत इस बात पर होती है कि चिकित्सा वैज्ञानिक अपनी तरक्की की दुन्दुभि बजा रहे हैं। आम आदमी? सर्दी खांसी में दूध में हल्दी पीता है, पेट दर्द में हींग, फोड़े फुंसी के लिए लिए अंकोर का गरम पत्ता, चोट के लिए कत्था चुना या हल्दी प्याज इस्तेमाल करने वाला गरीब तबका मंहगाई के चलते और क्या कर सकता है। यह है हमारी तरक्की का असली खाका, जो चिकित्सा विज्ञान के दावों को खोखला और कागजी साबित करता है। बहुत बार बड़ी समस्या लगने वाली बातों का निदान एक छोटे कदम की शुरुआत से हो जाती है। एक चीनी कहावत है कि ÷हजारों मील के सफर की शुरुआत एक छोटे कदम से होती है।÷ अतः इस समस्या से निजात पाने प्रत्येक व्यक्ति अपने छोटे कदमों से इस पहल के लिए शुरुआत करेगा इन्ही शुभाकांक्षाओं के साथ।

## खास खबर

### कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था व सीसीटीवी निगरानी कार्य देखा



**कवर्धा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के साथ आज नवीन कृषि उपज मंडी तालपुर स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था सहित मतदान दलों की रवानगी और वापसी की तैयारियों सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का अवलोकन किया। कलेक्टर महोबे ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और मतदान दलों की रवानगी के दिनों में मंडी परिसर में पर्याप्त छांव, पेयजल, गर्मी के बचाव के लिए अन्य आवश्यक संसाधन व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होने एसपी के साथ लोकसभा निर्वाचन के लिए पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग मतदान दलों की रवानगी के लिए बीस-बीस कांउटर बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होने कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त सीसी कैमरा लगाने के निर्देश दिए है। उन्होने स्ट्रांग रूम के सामने निरीक्षण करते हुए करते हुए निरीक्षण पंजी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, कवर्धा एसडीएम अनुपम अशीष टोप्पो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा नायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर महोबे ने जिले के दोनो विधानसभा-पंडरिया और कवर्धा के लिए बनाएं गए मतदान सामग्री वितरण काउंटर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में राजनांदगांव लोकसभा का चुनाव 26 अप्रैल शुक्रवार को होगा।

### दीवार लेखन और स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं किया जा रहा जागरूक

**जशपुरनगर।** शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत रैलियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर दीवारों पर नारे एवं स्लोगन लिखकर मतदाताओ को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत स्कूलों तथा कॉलेजों में भी नवीन मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत दुलदुला के हरियाली महिला क्लस्टर कस्तूरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली सामूहिक शपथ एवं मेंहदी,रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्रामों में स्लोगन लेखन कर 7 मई को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसी तरह स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जशपुर प्रेरणा महिला कलस्टर संगठन द्वारा भी दीवार लेखन के माध्यम से लोकतंत्र में सहभागिता के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया। साथ ही शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। जिले भर में अभियान के तहत महिलाओं द्वारा निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।

# कांग्रेस की निठल्ली निष्क्रिय और भ्रष्टाचारी नीतियों से कोरबा लोकसभा क्षेत्र का विकास रहा अवरुद्ध - सरोज पांडेय

कोरिया बैकुंठपुर। कोरिया जिले के बैकुंठपुर स्थित प्रेमाबाग में लोकसभा चुनाव के लिहाज से भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमे उपस्थित हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं को सभा के माध्यम से संबोधित किया गया।सर्वप्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने मंच में उपस्थित अतिथिगण और कार्यकर्ताओं के समक्ष स्वागत और उद्बोधन कराते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।





कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े ने बैकुंठपुर विधानसभा वासियों को बधाई देते हुए बताया की वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ओपी चौधरी द्वारा बैकुंठपुर शहर चौड़ीकरण के लिए डेढ़ सौ करोड़ की राशि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।साथ ही भईयालाल राजवाड़े ने अवगत कराया की मेरा पूर्व का विभाग श्रम मंत्रालय हमारे लखनलाल देवांगन जी को मिला है जिन्हे मैंने कहा है की जिस तरह उक्त विभाग का मंत्री रहते मैंने सभी का कार्य किया समाज की सेवा की उसी तरह से ये भी करेंगे जिससे आप सभी को संबंधित विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आगे भी मिलता रहेगा।विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कार्यकर्ताओं में जोश और ऊर्जा बढ़ाते हुए कहा की मेरे प्यारे कार्यकर्ता गण सरोज पांडेय बहन के जीतने के बाद हमारा कोरिया जिला काफी तेजी से विकास करेगा साथ ही भईया लाल के आलावा आपके लिए एक और मजबूत हाथ के रूप में केंद्र तक बातों को पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी बनेंगी सरोज बहन इसलिए मेरी आप सभी कार्यकर्ताओं से गुजारिश है की आप सभी पूरी ताकत झोंककर सरोज बहन को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लें और आज से ही एक एक बूथ, एक एक मोहल्ले के मतदाताओं को कमल के निशान पर वोट डालने के लिए प्रेरित करें और केंद्र में मोदी सरकार को पुनः स्थापित कराएं।

कार्यकर्ता सम्मेलन सभा को संबोधित करते हुए राज्य के स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाते हुए कहा की हमारे कार्यकर्ता बंधुओं जिस प्रकार आप सभी की अपार मेहनत से राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और बैकुंठपुर विधानसभा को ऐतिहासिक मतों की बढ़त से जीता वो बहुत ही सराहनीय रहा और मैं पुनः उन क्षणों का आपको स्मरण कराते हुए आप सभी कार्यकर्ता बंधुओं से आग्रह करता हूं की एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव 2023 का इतिहास दोहराया जाना चाहिए ताकि कोरबा लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय जी को हम सभी का नेतृत्व मिले जिससे इस क्षेत्र का तेजी से विकास हो सके और केंद्र में माननीय नरेन्द्र मोदी जी की 2024 में फिर से सरकार बने । संबोधन की अगली कड़ी में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय कार्यकर्ताओं से रूबरू हुईं और केंद्र के मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियां जैसे कश्मीर से धारा 370 और 35 ए का हटाना, वैश्विक महामारी कोरोना में विश्व स्तर पर वैक्सीन की पूर्ति करना,किसानों को सम्मान निधि के तहत राशि दिया जाना,आयुष्मान कार्ड से प्रत्येक परिवार और उनके सदस्यों को 10 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा,प्रत्येक गरीब परिवार को मुफ्त में प्रधानमंत्री आवास दिए जाने की योजना,हर घर जल, नल जल योजना,मुफ्त में शौचालय,महतारी वंदन योजना से प्रत्येक विवाहित महिला को साल के 12 हजार की आर्थिक सहायता सहित हमारी बहनों को उज्जवला योजना से लाभ दिलाकर धुआं रहित रसोई की सौगात के साथ महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके लिए व्यवसाय तक की व्यवस्था की गई है।सुश्री सरोज पांडेय ने बताया की केंद्र की मोदी सरकार के दौरान 2014 की तुलना में 2024 में देश के हर क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है।

मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यस्था को 'फ्रैजाइल फाइव' से 'टाप फाइव' में पहुंचाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न सिर्फविदेशों में भारत की सम्मान बढ़ा है, बल्कि देश के भीतर भी गरीब, वंचित, किसान, महिला समेत सभी वर्गों का समेकित विकास हुआ है। मोदी सरकार और उसके पहले की सरकारों के नजरिये में मूलभूत अंतर अंतर बताते हुए कहा कि पहले समस्याओं के लिए समाधान के लिए टुकड़ों में कदम उठाए जाते थे।

## निर्वाचन कार्य अतिमहत्वपूर्ण, इसे हल्के में न लें : डॉ. रेजू

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू (आईएएस) के द्वारा नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक शासकीय सेवक के तौर पर सभी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करते हैं।



किन्तु निर्वाचन के दौरान अति महत्वपूर्ण और अलग प्रकृति के दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। सामान्य प्रेक्षक ने आगे कहा कि चूंकि यह लोकतंत्र के प्रति बेहद जवाबदेही वाला कार्य है अतः इसे हल्के में लेने की भूल न करें और हमारी कोशिश यही हो कि किसी भी स्तर या किसी भी प्रकार की गलती न होने पाए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज शाम को आयोजित बैठक में सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू सभी नोडल अधिकारियों को अपने जीवन का श्रेष्ठ परिणाम देने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने सभी नोडल अधिकारियो की ओर से निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गये दायित्वों का बेहतर ढंग से निष्पादित करने की बात कही। इसके पहले, सामान्य प्रेक्षक ने क्रमवार जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचरण संहिता एवं कानून व्यवस्था, संपत्ति विरूपण की अब तक की गई कार्यवाही से अवगत कराया। इसी तरह कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों की संख्या एवं वहां मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, ईव्हीएम की संख्या एवं रैण्डमाइजेशन, स्ट्रांग रूम आदि के बारे में बताया। एसएसटी, व्हीएसटी, व्हीव्हीटी, एलएमटी, वेब कास्टिंग आदि की जानकारी दी गई। अब तक ली गई अनुमति के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया।

## मतदान कर्मियों की सही जानकारी भरे : एसडीएम

जशपुरनगर। पत्थलगांव एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर पत्थलगांव विधानसभा अंतर्गत पत्थलगांव विकासखंड के सभी आरआई,पटवारी, लिपिक वर्ग कर्मचारियों की बैठक ली।

सभी कर्मचारियों को वोटर सर्विस पोर्टल से एपिक कार्ड के माध्यम से मतदाता के विधानसभा वार भाग संख्या व सरल क्रमांक ढूंढने बाबत जानकारी दी गई।

मतदान कर्मियों के प्रथम प्रशिक्षण में कक्षवार ड्यूटी लगाकर मतदान कर्मियों की सही जानकारी भरने निर्देश दिए। ऑपरेटर को डाक मतपत्र और निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के विषय में जानकारी दी गई।

पटवारियों को अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के होम वोटिंग बाबत रूट चार्ट बनाने के लिए निर्देशित किया गया और सभी के कार्यक्षेत्र में मतदान केंद्रों में एएमएफ संबंधी चूक पर तत्काल कार्यवाही हेतु सक्रिय रहने कहा गया।

## कांग्रेस की सरकार में युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों की बेहतरी की गारंटी : ज्योत्सना महंत

कोरबा। सांसद व लोकसभा उम्मीदवार ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्र के बैकुंठपुर भांडी चौक, कंचनपुर, कसरा, बुड़ार, तेन्दुआ, डुमरिया आदि गांवों और क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान ज्योत्सना महंत ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। मोदी जी पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं से कहते हैं कि पकौड़ा तलें।



हमारे बच्चों का भविष्य खतरे में है। किसानों के लाभ की गारंटी नहीं है। मजदूरों को कभी भी काम से निकाल देते हैं, उन्हें काम की गारंटी नहीं है। देश का संविधान खतरे में है। महिलाओं को छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद तो 3 महिने तक पैसा ही नहीं दिया गया।

सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है जिसमें 5 गारंटी पूरा करने का वादा हम कर रहे हैं। युवाओं को बेरोजगारी से दूर कर 30 लाख से अधिक नौकरी का हमारा वादा है। महिलाओं को सशक्त करने के लिए गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर महिने 8333 रुपए सरकार बनते ही मात्र आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर जारी किया जाएगा और साल में 1 लाख रुपए देंगे। मजदूर योजना में किसी भी मजदूर को कभी भी काम से निकाला नहीं जा सकेगा हम इसकी गारंटी देंगे। मनरेगा सहित अन्य रोजगार योजनाओं में मजदूरों को 400 रुपए देने का हमारा वादा है जो दुगुनी रकम है। सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कांग्रेस आप लोगों के लिए ही लड़ रही है तो सबका साथ जरूरी है। इस देश को बचाने के लिए कांग्रेस को चुनकर लाना होगा वरना वो फिर आएं तो संविधान खत्म हो जाएगा, यह आखिरी चुनाव होगा। इंदिरा गांधी ने राजाओं को हटाकर प्रजा के लिए लोकतंत्र की स्थापना का काम किया और अगर ये आ गए तो राजा बनकर काम करेंगे, लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। सांसद ने उपस्थित जनसमुदाय को भरोसा दिलाया कि 5 साल में आपको कार्य और बदलाव देखने को मिलेगा और सारा कुछ जनता के मतदान के अधिकार पर निर्भर है। इस बार कांग्रेस का साथ देकर बीजेपी की सरकार बदलनी है।

# नागरिकों से खिलाड़ियों ने मतदान करने का किया आव्हान

राजनांदगांव। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित व प्रोत्साहित करने जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकालकर, रंगोली, मेहंदी, खेल-कूद, वाद-प्रतिवाद, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, स्वीप प्रदर्शनी, स्वीप संगोष्ठी सहित विभिन्न गतिविधियां स्वीप टीम द्वारा आयोजित की जा रही है।



इसी कड़ी में आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मोहड़ के मैदान में विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों द्वारा मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप की थीम पर लोकप्रिय खेल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का नाम स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता दिया गया। एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम ने मैदान में उपस्थित सभी खिलाडियों, बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार, स्वच्छता दीदी, ग्रामीण महिलाएं और नागरिकों को जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में डोंगरगांव विकासखंड स्तर के राजस्व, जनपद, शिक्षा व नगर पंचायत विभाग के मध्य स्वीप क्रिकेट खेला गया। स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी स्वीप संदेशों के रंग में दिखे। मैदान में पिच से लेकर स्टंप, बेट, टी शर्ट, कैप, ट्राफी, मोमेंटो, मानव श्रृंखला सभी में स्वीप को फोकस करते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया गया। स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले मैच में जनपद व राजस्व विभाग के मध्य मैच खेला गया। जिसमें जनपद पंचायत विभाग की ओर से सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव नवीन कुमार द्वारा धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए बड़ी जीत हासिल की गई।

दूसरे मैच में शिक्षा विभाग व नगर पंचायत विभाग के मध्य मैच में शिक्षा विभाग ने जीत हासिल की। अंत में जनपद पंचायत व शिक्षा विभाग के मध्य फाइनल मैच हुआ। फाइनल मैच में शिक्षा विभाग ने शानदार खेल खेलते हुए जीत हासिल की और स्वीप क्रिकेट कप पर कब्जा किया। मैच के बाद एसडीएम मरकाम द्वारा विजेता टीम शिक्षा विभाग के कोच आरएल पात्रे, कप्तान जयंत साहू व उपविजेता टीम के कप्तान नवीन कुमार को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों द्वारा स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेता टीम के सभी खिलाडियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में एसडीएम मनोज कुमार मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, जनपद सीईओ नवीन कुमार, नगर पंचायत सीएमओ डीएस पाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएल पात्रे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रश्मि ठाकुर व जयन्त साहू, बीआरसी अरविंद रत्नाकर, डोंगरगांव निर्वाचन कार्यालय प्रमुख से गजेंद्र हरिहरनो, संकुल समन्वयक राहुल जैन, दिलेश्वर सांडिल्य, लच्छू साहू, मालेकर सहित शिक्षा विभाग से फिनेश कोमरे, प्रवीण राजपूत, अम्बिका, पटवारी अजय राणा, नीरज द्रीवेदी, यदु, डोंगरगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी सचिव, पीटीआई हारून कुरैशी, पारख कुंजाम, भूपेश यदु, अनुराग यदु, जनपद से मो. शाकिल खान, रूपेंद्र सिन्हा, राकेश ठाकुर, झामेंद्र साहू, हिमाचल साहू, परमेश्वर साहू, डोंगरगांव के सभी पत्रकार, सभी विभाग के कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे। एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम द्वारा मैदान में उपस्थित सभी अधिकारियों, खिलाडियों, कर्मचारी, पत्रकारों, स्वच्छता दीदी, ग्रामीण महिलाएं और नागरिकों ने मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का उपयोग करने और अपने परिवार, रिश्तेदार और आस-पास के पड़ोसियों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन एबीईओ रश्मि ठाकुर व कोकपुर संकुल समन्वयक राहुल जैन द्वारा किया गया।

## माँ कर्मा के जीवन पर आधारित फिल्म देख अभिभूत हुए लोग...

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत भटगांव के श्रीमहल टॉकीज में शुक्रवार को कर्मा माता जयंती पर कर्मा माता के जीवन से जुड़ी आधारित फिल्म मेरी मां कर्मा रिलीज हुई। इस मौके पर समाजिक लोंगों ने फिल्म देखने से पहले कर्मा माता की पूजा अर्चना कर खिचड़ी प्रसादी वितरण किया। बतादें भटगांव के सैकड़ो सर्व सामाजिक लोंगों ने आज फिल्म रिलीज के प्रथम दिन श्री महल टॉकीज पहुँचकर मेरी माँ कर्मा फिल्म का आनंद लिया। वहीं लोंगों ने बताया कि इस फिल्म में माँ कर्मा माता से जुड़ी हर वो पहलू का फिल्मांकन किया गया हैं जो कर्मा माता ने सर्व सामाज को आगे बढ़ाने के लिए काम किया। साथ ही साथ भागवत गीता और भगवान कृष्ण के प्रति माता की श्रद्धा-भक्ति और उनके प्रेम को भी फिल्माया गया हैं। लोंगों ने आगे बताया कि इस फिल्म को देखकर हर समाज को संगठित कर सामाज को आगे बढ़ने जागरूक करने का प्रयास किया गया हैं।

### न्यू कोरबा हॉस्पिटल की मान्यता रद्द हो-सिन्हा

कोरबा समाज कार्यकर्ता विनोद सिन्हा ने जारी एक बयान में बताया कि न्यू कोरबा हॉस्पिटल कोसाबाडी कोरबा का कोरोना काल से लेकर अब तक कार्यकाल की सूक्ष्म जांच होने तक न्यू कोरबा हॉस्पिटल की मान्यता निलंबित हो । सिन्हा ने आगे बताया कि कोरोना काल के समय जिला स्वास्थ्य व चिकित्सा विभाग कोरबा द्वारा कोरोना से ग्रसित मरीज के इलाज व देखभाल के लिए अवसर देकर भारी भ्रष्टाचार किया गया तथा न्यू कोरबा हॉस्पिटल के सहयोगी डॉक्टर अशोक मखीजा ने शासकीय चिकित्सालय कोरबा में कार्यरत रहते हुए अपने निजी क्लीनिक में अवैध कोरोना वैक्सीन का उपयोग किया जिसके चलते उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था ,लेकिन न्यू कोरबा हॉस्पिटल ने सस्ती दवा बिक्री हेतु मेडिकल एजेंसी दवा खाना ट्रांसपोर्ट नगर में खुलवाया गया इस तरह से न्यू कोरबा हॉस्पिटल में दर्जनों ऐसे मामले हुए जो डॉक्टरों की लापरवाही से मरीजों की जान गई ।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला फरार आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

## अकलतरा पुलिस की कार्यवाही



**जांजगीर चांपा** / नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण के आरोपी युवक को पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीड़िता को आरोपी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर जबरन दैहिक शोषण किया है । उक्त रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध दिनांक 26 फरवरी 2024 को थाना अकलतरा में धारा 376 (2)(ह), भादवि 6 पाक्सो एक्ट भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए श्री विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी हेतु थाना स्तर से टीम गठित किया गया।

प्रकरण के आरोपी घटना दिनांक से फरार था जिसकी पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी, सायबर सेल से प्राप्त आरोपी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी अमित कश्यप निवासी पचरी थाना अकलतरा को सोलापुर पुर्णे महाराष्ट्र से पकड़ा जिसको घटना के संबंध पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 5 अप्रैल को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक दिनेश कुमार यादव थाना प्रभारी अकलतरा, सउनि अरूण सिह, प्र.आर. शरीफुद्दीन खान, आरक्षक विवेक ठाकुर, दीपक कश्यप का योगदान रहा।



# शत प्रतिशत मतदान करने की दिलाई शपथ

## कलेक्टर ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समन्वयक, प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयको की ली बैठक

**जांजगीर चांपा । क**लेक्टर श्री आकाश छिकारा ने शनिवार को ऑडिटोरियम में समस्त विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयको की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शिक्षकों से कहा कि स्कूलों के विद्यार्थियों को नवोदय, सैनिक स्कूल, एनआईटी, आईआईटी, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओ की बेहतर तैयारी कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समन्वयक, प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयको को मतदाता जागरूकता के तहत शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर श्री छिकारा ने स्कूल स्तर, संकुल स्तर विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बोलेगा बचपन के माध्यम से बच्चों की प्रतिदिन आयोजित गतिविधियों को कराने, विनोबा एप में शत् प्रतिशत् शिक्षको का पंजीयन और संकुल शैक्षिक समन्वयक के माध्यम से संकुल स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन करने कहा। बैठक में आरटीई प्रवेश के संबंध में चर्चा की गई। उत्कृष्ट जांजगीर नवीन सत्र की तैयारी करते हुए समय पर कोर्स पूर्ण करने कहा। उन्होंने मासिक टेस्ट, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरण, जाति प्रमाण में आने वाले कठिनाईयो के निराकरण, समर कैम्प 2024 आयोजित करने कहा। इस दौरान शिक्षकों से शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी लिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, डीईओ श्री अश्वनी कुमार भार्गव, जिला मिशन समन्वयक श्री राजकुमार तिवारी सहित संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक मौजूद ।

## मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा का चुनाव संपन्न.......

# शिखा अध्यक्ष बबीता सचिव कल्याणी कोषाध्यक्ष नियुक्त

जांजगीर चांपा - संवाददाता।

**प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष अभी वर्ष 2024 25 हेतु मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा नैला जांजगीर का चुनाव 5.4.2024 को सत्संग भवन में संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से श्रीमती शिखा अग्रवाल को अध्यक्ष श्रीमती बबीता गर्ग सचिव श्रीमती कल्याणी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया द्य इसी क्रम में उपाध्यक्ष का दायित्व पूनम अग्रवाल मनीष अग्रवाल को दिया गया कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष शीतल पालीवाल द्वारा किया गयाद्य उन्होंने नए अध्यक्ष को कार्यभार ग्रहण कराया चुनाव उपरांत विजय हुए प्रत्याशियों को पुष्पमाला व गुलाल लगाकर बधाई प्रेषित की गई ।**



द्यउक्त कार्यक्रम में प्रदेश स्तर से महिला सदस्य भी उपस्थित रही ,इनमें प्रमुख रूप से प्रियंका मोदी, सुनीता मोदी की उपस्थिति रही द्य उक्त चुनाव में मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा के सभी महिला सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे ,जिनके द्वारा नई कार्यकारिणी के गठन पर नए पदाधिकारी को बधाई प्रेषित किया गया नए अध्यक्ष श्रीमती शिखा अग्रवालने अपने उद्बोधन में कहा गया कि जिस प्रकार मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा द्वारा निरंतर जनहित समाजसेवी कार्य किया जाता रहा है उसे हम लगातार करते रहेंगे और अपनी शाखा का नाम राष्ट्र व प्रदेश स्तर पर ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# उपभोक्ताओ को दिए जा रहे बिलों के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक



**जांजगीर चांपा** / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ स्वीप नोडल अधिकारी श्री गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सतत रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन बेहद संजीदा हैं। इस बार लोकसभा निर्वाचन में नित नई पहल शुरू किया गया। इसके तहत दुकानदार प्रत्येक उपभोक्ताओं को जारी किए जाने वाले बिलों पर मतदाताओं को जागरूक करने का श्लोगन लिखवाकर लोगों को संदेश दिया जा रहा है। जिसमें 7 मई को मतदान की अपील की जा रही है। जिले में उपभोक्ताओं को जारी किये जाने वाली पर्ची में श्लोगन लिखवाया जा रहा है। इस श्लोगन के माध्यम से 7 मई को बूथ पर जाकर मतदान के लिए मतदाताओं जागरूक किया जा रहा है।

**लोकतंत्र का यह आधार वोट न कोई हो बेकार जैसे दीवार लेखन से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दीवार लेखन किया जा रहा है।लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हर नागरिक की जिम्मेदारी, मेरा वोट- मेरा संकल्प, मतदान केन्द्र जाऊँगा उज्जवल भविष्य बनाऊँगा, मेरा मत- मेरा अधिकार, छोड़ो अपने सारे काम। पहले चलो करें मतदान, देश के विकास में दो अपना योगदा हर हाल में करना अपना मतदान, लोकतंत्र का करें सम्मान परिवार समेत करें मतदान, परिवार समेत करे मतदान जैसे स्लोगन से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र देश की संस्कृति एवं परंपराओं पर कुठाराघात : ओ पी चौधरी

सक्ती /



प्रभारी मंत्री चौधरी ने कहा छत्तीसगढ़ की संस्कृति आपसी भाईचारे की है , हम छग की माटी से जुड़े हुए है तथा छग की संस्कृति को दिल से जानने व मानने वाले लोग है । आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता चरणदास महंत का मोदी जी के खिलाफ सर फोड़ने वाला बयान घोर निंदनीय है । 6 अप्रैल को अपने प्रवास पर सक्ति पहुंचे छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का जारी किया गया घोषणापत्र 2024 चुनावी घोषणा पत्र भारत की संस्कृति एवं परंपराओं पर कुठाराघात है, जिस तरह से घोषणा पत्र में कांग्रेस ने बातों का जिक्र किया है वह देश के लिए अच्छे संकेत नहीं है । आज कांग्रेस देश की जनता का एवं देश का विकास करने की बजाय देश का अहित करना चाहती है एवं लोकसभा के चुनाव में देश की जनता कांग्रेस की इन नीतियों को बर्दाश्त नहीं करेगी । पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर लोगों में तीसरी बार भी उन्हें रिकॉर्ड सीटों से प्रधानमंत्री चुनने की उत्सुकता है एवं 4 जून को जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आएंगे तब केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए गठबंधन वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 प्लस सीटों के साथ सरकार बनाएगी । प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के आगमन के दौरान मीडिया विभाग के प्रदेश प्रमुख नलीनेस ठोकने, शक्ति जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव, अरुण शर्मा बाराद्वार,जांजगीर चांपा जिला मीडिया के सह प्रभारी पंकज अग्रवाल , नारायण राठौर , आशा साव , अनिल शर्मा , आनंद मोदी सहित काफी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे ।

# .निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित 22 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 01 से 04 अप्रैल तक आयोजित किया गया । 4 अप्रैल को आयोजित मतदान दल के प्रशिक्षण में 22 अनुपस्थित कर्मचारी पाए गए। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर में 14, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में 08 कुल 22 कर्मचारी पाए गए । कुल 22 संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए है ।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत गीत-कविता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता

जांजगीर-चांपा / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत गीत-कविता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल फेसबुकऔर इंस्टाग्राम को टैग कर डिस्क्रिप्शन अथवा कैप्शन में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ पोस्ट करें। प्रतिभागी अपने गीत अथवा कविता को वीडियो के माध्यम से भी जिला प्रशासन को टैग कर पोस्ट कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता हेतु शर्तें प्रतिभागी गीत व स्लोगन दोनों प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। गीत/कविता अथवा स्लोगन किसी भी राजनीतिक पार्टी से संबंधित नहीं होनी चाहिए। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2024 निर्धारित है। प्रतियोगिता में सिर्फ जांजगीर-चांपा जिले के निवासी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए जिला स्वीप समिति का निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होगा।आप सभी इस प्रतियोगता में हिस्सा लें और अपनी प्रतिभा के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें।

# आईटीएम यूनिवर्सिटी ने किया दो दिवसीय राष्ट्रनीति डिप्लोमेसी समिट 2024 का वृहद

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित आईटीएम यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय राष्ट्रनीति डिप्लोमेसी समिट 2024 का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के पच्चीस विश्वविद्यालयों, संबद्ध महाविद्यालयों और सीनियर सेकंडरी स्कूल से आए तकरीबन दो सौ छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस समिट में प्रादेशिक,राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मसलों और समसामयिक विषयों पर विचार मंथन के लिए पांच कमेटियां बनाई गईं। देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में राजनीतिक चेतना विकसित करते हुए युवा विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने के मकसद से यहाँ राष्ट्रनीति डिप्लोमेसी समिट आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्धारण के लिए गठित लोकसभा कमेटी में फिल्मों और वेब सीरीज़ में सेंसरशिप के मुद्दे पर जोरदार बहस हुई और सत्तापक्ष व प्रतिपक्ष के प्रतिभागी सांसदों के बीच खूब आरोप-प्रत्यारोप हुआ। इस दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि सेंसर बोर्ड का काम केवल अश्लीलता पर लगाम तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि दुर्भावना और गलत माइंडसेट को भी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। सेंसर बोर्ड में एक मनोवैज्ञानिक भी सदस्य के रुप में अनिवार्यतः शामिल किए जाने का निर्णय हुआ ताकि वह फिल्म से



दर्शकों पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभावों का आंकलन कर सकें।

छत्तीसगढ़ विधानसभा कमेटी में औद्योगीकरण और कॉर्पोरेट सेक्टर के समुचित विकास को लेकर रचनात्मक चर्चा हुई जिसमें ऊर्जा के गैर परंपरागत वैकल्पिक स्त्रोतों को बढ़ावा देते हुए कारगर सब्सिडी पॉलिसी लागू करने का प्रस्ताव रखा गया। रूस -यूक्रैन और इजराइल-हमास युद्ध के परिणाम और नागरिकों के मानव अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहाँ कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) कमेटी ने तत्काल युद्धविराम पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्रसंघ की महासभा कमेटी में डिजिटल कोऑपरेशन के लिए रोडमैप तैयार करते हुए एआई टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर विभिन्न देशों के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभागी छात्रों के बीच गहरा विचार मंथन हुआ। इंटरनेशनल प्रेस कमेटी में प्रतिभागियों ने फोटोग्राफी और पत्रकारिता से जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं को लेकर अपनी बेबाक बात रखी और तथ्यपरक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कृष्णा पब्लिक स्कूल रायपुर को डिप्लोमेटिक समिट के ओवरआल कैटेगरी में बेहतर प्रदर्शन के लिए बेस्ट स्कूल का पुरस्कार प्रदान किया गया। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर को उच्चशिक्षण संस्थानों के ओवरआल कैटेगरी में बेहतर प्रदर्शन के लिए बेस्ट कैंपस का पुरस्कार प्रदान किया गया।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत गीत-कविता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता

**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत गीत-कविता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक ट्विटर और इंस्टाग्राम को टैग कर डिस्क्रिप्शन अथवा कैप्शन में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ पोस्ट करें। प्रतिभागी अपने गीत अथवा कविता को वीडियो के माध्यम से भी जिला प्रशासन को टैग कर पोस्ट कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता हेतु शर्तें प्रतिभागी गीत व स्लोगन दोनों प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। गीत/कविता अथवा स्लोगन किसी भी राजनीतिक पार्टी से संबंधित नहीं होनी चाहिए। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2024 निर्धारित है। प्रतियोगिता में सिर्फजांजगीर-चांपा जिले के निवासी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए जिला स्वीप समिति का निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होगा।

## खास खबर



### स्कूली छात्रों ने लगाई नहर में छलांग, एक लापता, तलाश जारी

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के रुद्री मुख्य नहर में खेल-खेल में नहाने गए स्कूली बच्चों के साथ बड़ी अनहोनी घट गई। चार छात्रों ने नहर में छलांग लगाई लेकिन नहर के तेज बहाव में सभी बहने लगे। इनमें से तीन बच्चों को सही सलामत निकाल लिया गया लेकिन एक बच्चा बह गया जिसकी तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार चारों स्कूली बच्चे धमतरी शहर के अलग-अलग वार्ड के रहने वाले हैं, जो 9वीं कक्षा की परीक्षा देकर नहाने रुद्री नहर पहुंचे थे। नहाने के दौरान एक बच्चा गहराई में बह गया। रुद्री पुलिस को सूचना मिलते ही गोताखोरों की टीम तलाश में जुट गई। तेज बहाव, अंधेरा होने की वजह से सर्चिंग रोक दी गई है। सुरक्षित बाहर निकाले गए तीन बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं लापता बच्चे की शनिवार को भी तलाश की जा रही है। गोताखोरों व पुलिस की टीम मौके पर है और नहर में सर्चिंग की जा रही है।

### बेच रहा था गांजा, पुलिस ने दबोचा

**रायपुर।** राजधानी से लगे मांढर के स्टेशनपारा में गांजा बेचने वाले एक आरोपी को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम ने पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 670 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी जितेन्द्र साहू के खिलाफ विधानसभा में नारकोटिक एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। दरअसल निजात अभियान के तहत रायपुर पुलिस नशे के खिलाफकार्रवाई कर रही है। 4 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत स्थित रेलवे स्टेशनपारा मांढर में एक व्यक्ति गांजा बेच रहा है। सूचना पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम ने उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम जितेन्द्र साहू निवासी मांढर विधानसभा रायपुर बताया। उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर उसमे गांजा बरामद हुआ। टीम ने आरोपी जितेन्द्र साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 670 ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम जुमला कीमती लगभग 7,200/- रूपये जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 205/2024 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी जितेन्द्र साहू पिता शिवलाल साहू 40 साल निवासी रेल्वे स्टेशनपारा मांढर थाना विधानसभा रायपुर।

### 4500 किलोग्राम नकली घी जब्त

**अंबिकापुर।** प्रशासन की टीम ने शहर के बाबूपार में स्थित एक मकान में दबिश देकर बड़ी मात्रा में नकली घी बरामद किया है।
मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन की टीम को सूचना मिली थी कि बाबूपारा स्थित एक मकान में बड़ी मात्रा में नकली घी तैयार किया जा रहा है। छापामार कार्रवाई में मौके से 4,500 किलोग्राम नकली घी बरामद किया है। मौके से पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो मूलतः महाराष्ट्र के गोंदिया जिले का रहने वाला है। आरोपी व्यक्ति यहां किराये का मकान लेकर नकली घी बनाने का काम करता है। मौके से पुलिस ने बड़ी मात्रा में वनस्पति डालडा और सोयाबीन तेल बरामद किया है जिससे आरोपी नकली घी तैयार करता था। आरोपी के अनुसार वह आगामी नवरात्रि पर्व में मंदिरों में जलने वाले मनोकामना दीप के लिए नकली घी बना रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 48 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर हुए गिरफ्तार

## ओडिशा से लेकर आए थे गांजा, दुर्ग जाने से पहले आरपीएफ के जवानों ने घेराबंदी कर पकड़ा

**रायपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नारकोस के तहत बड़ी कार्रवाई की है। आरपीएफ ने लगभग 14 किलो गांजा के साथ 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनो आरोपी ओडिशा के रहने वाले हैं और वहीं से गांजा लेकर बेचने के लिए दुर्ग जा रहे थे। तीनो आरोपियों को रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 से गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को मंडल टास्क टीम-1 रायपुर और आरपीएफ पोस्ट रायपुर के साथ चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना के आधार पर रेसुब पोस्ट रायपुर प्रभारी एम के मुखर्जी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक केबी गुप्ता, सउनि डीके वर्मा, प्रआ. पीके मेश्राम, आरक्षक एसके गिरी, आ. देवेश सिंह, आरपीएफ टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 में 3 संदिग्ध व्यक्ति को रात 10.30 बजे घेरा बंदी कर पकड़ा। चेकिंग के दौरान आरोपी सुशील सेलमा पिता राज सेलमा उम्र. 27 वर्ष निवासी-पडकीमाल पोस्ट-बड़भैरो थाना-तरभा जिला-सोनपुर (ओडिशा) के पास रखे 1 नीला ग्रे रंग का पिट्ठू बैग के अंदर रखे 6 पैकेटो (6 किलो 300 ग्राम) महेन्द्र प्रधान वल्द बीरप्रधान 24 वर्ष निवासी-पडकीमाल पोस्ट-बड़भैरो



थाना-तरभा जिला-सोनपुर (ओडिशा) के पास रखे एक पिट्ठू बैग नीला ग्रे रंग के अंदर 5 पैकेट (वजन 05 किलो 200 ग्राम) व एक नग स्काई ब्लू रंग का ट्राली बैग के अंदर रखे 14 पैकेट (वजन 14 किलो 600 ग्राम) तथा विश्वनाथ नाग पिता शंकरनाग 23 वर्ष निवासी-पडकीमाल पोस्ट-बड़भैरो थाना-तरभा जिला-सोनपुर (ओडिशा) के पास रखे एक पिट्ठू बैग ग्रे रंग के अंदर रखे 7 पैकेट (वजन 7 किलो 300 ग्राम) व एक नग ग्रे रंग का ट्राली बैग के अंदर रखे 14 पैकेट (वजन 14 किलो 700 ग्राम) गांजा बरामद हुआ।

तीनो आरोपियो से मिले 46 पैकेट मादक पदार्थ वजन 48 किलो 100 ग्राम जिसका कीमती लगभग 962000/ (नौ लाख बैसठ हजार रुपया) ,उक्त आरोपियो को एनडीपीएस एक्ट के तहत् गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उन्होंने ओडिशा के बलांगीर से गांजा खरीदा था और ट्रेन से रायपुर आये थे। वे सड़क मार्ग से गांजा बेचने के लिये दुर्ग जाने वाले थे, लेकिन पकड़ा गए। आरोपी व जप्त शुदा मादक पदार्थ गांजा सहित विधिवत कार्यवाही उपरांत आरोपी को जब्त गांजा ,संपूर्ण कागजात के साथ शासकीय रेल पुलिस थाना रायपुर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया जिस पर शासकीय रेल पुलिस थाना रायपुर द्वारा अपराध क्रमांक -45/2024 धारा- 20(बी) एनडीपीएस एक्ट 5 अप्रैल का मामला पंजीबद्ध कर उक्त आरोपियों को विशेष एनडीपीएस न्यायालय रायपुर के समक्ष पेश किया जायेगा।

### खड़ी वाहनों से बैटरी चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने वाहनों से बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की बैटरी जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा चौक भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती निवासी गौरव सोनकर पिता लक्ष्मी चंद सोनकर ने पुरानी बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 3 अप्रैल की रात्रि लगभग 11 बजे से 4 अप्रैल की सुबह सात बजे के मध्य भाटागांव में खड़े उसके जेसीबी मशीन एवं टाटा एस वाहन की बैटरी कीमत 18500 रुपए कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। साथ ही वहीं के रहने वाले नरोत्तम सोनकर के भी दो ट्रैक्टर से बैटरी कीमत करीबन 20 हजार रुपए इस तरह कुल 4 नग बैटरी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना पुरानी बस्ती में धारा 379.34 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। जिसमें आरोपियों की पहचान कर उनको गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण घटना के बाद भागने के फिराक में थे आरोपियों को पड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ किया गया जिसमें उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर उनके पास से चोरी की बैटरी बरामद की गई। मामले में पुलिस नें मोहम्मद सोहेल खान पिता मोहम्मद हसन उम्र 23 वर्ष निवासी बीएसयूपी कॉलोनी भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती रायपुर तथा सद्दाम अहमद पिता इरशाद अहमद उम्र 25 वर्ष निवासी संतोष किराना स्टोर्स के पास मौदहापारा रायपुर को गिरफ्तार किया है।

## खुर्सीपार में ट्रक कंडक्टर से लूट, हाइवे पर हवा जांचने उतरा था हेल्पर, लूट कर भागे बदमाश

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में ट्रक के हेल्पर से लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना तीन अप्रैल की रात की है। दरअसल ट्रक चालक सीमेंट लोड कर बालोद खाली करने जा रहा था। खुर्सीपार में सिग्नल के पास देर रात टायर की हवा चेक करने हेल्पर उतरा तो वहां पर तीन बदमाशों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए उसके पास से 7200 रुपए, आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस लूट लिया। घटना के बाद बालोद में सीमेंट अनलोड करने के बाद शुक्रवार को खुर्सीपार थाने पहुंचकर हेल्पर ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर खुर्सीपार पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।




मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अमडिहा पोष्ट परसवार थाना बहरी जिला सीधी निवासी अंकित बंसल पिता हीरालाल बंसल (19) कंडेक्टरी का कार्य करता है। वह अपने साथी ड्राईवर रोहित पाण्डेय के साथ राजस्थान ट्रांसपोर्ट बलौदाबाजार से ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 7468 में सीमेंट लोड कर बालोद जा रहे थे। 3 अप्रैल की रात करीबन 10:10 बजे खुर्सीपार सिग्नल के पहले किराना स्टोर के पास रूके।

इसके बाद हेल्पर अंकित उतरकर ट्रक का हवा जांची और वहीं पर हेण्डपम्प से डिब्बे मे पानी भरा। पानी भरने के अंधेरे मे लघुशंका के लिए गया। इस दौरान पीछे से कुछ लोग आये जिनमें से एक ने अंकित का मुंह पकडा और दो लडकों ने उसके पैर पकड़ लिए। एक लड़का कह रहा था मोहित पैर को मजबूती से पकड और एक लडका बोला मुर्गेश उसके मुंह को ठीक से दबा। तीनों बदमाश हेल्पर को अंधेरे गली में ले गये और उसके पास रखे 7200 रुपए, आधारकार्ड व चालक रोहित पाण्डेय का लाइसेंस लेकर भाग गए। घटना के बाद सीमेंअ खाली करने दोनों बालोद चले गये। बालोद में माल खाली करने के बाद शुक्रवार को वापस लौटे और खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### चेकिंग के दौरान कार से बरामद हुए 6 लाख

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध नकदी-वस्तुओं पर नकेल कसने रायपुर पुलिस की चेकिंग जारी है। इस दौरान मंदिर हसौद में एक कार से 6 लाख रुपए नकदी बरामद हुए हैं।

जानकारी के अनुसार 5 अप्रैल को थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास थाना मंदिर हसौद पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को चेक करने पर कार में नगदी रकम रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा कार में सवार व्यक्ति से नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति के कब्जे से नगदी रकम 6,00,000/- (छः लाख रूपये) थाना मंदिर हसौद में जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी में भेजा जा रहा है।

### नशे के खिलाफ अभियान, दो तस्कर हिरासत में

**कोरबा।** एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने होली त्योहार समाप्त होने के बाद मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए अपने सभी मातहतों को झोंक दिया है। उरगा पुलिस ने इस कड़ी में दो तस्करों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ जारी है।

नशे के खिलाफ एक बार फिर जिले में पुलिस ने जोरदार अभियान का आगाज किया। समस्त मातहत राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को उनके पर्यवेक्षण में थाना एवं चैकी प्रभारियों को सख्त से सख्त कार्रवाई किये जाने का निर्देश भी जारी किया है। एसपी के मार्गदर्शन में एएसपी कोरबा यूवीएस चैहान, कोरबा सीएसपी भूषण एक्का, पुलिस मुख्यालय डीएसपी बी. मिंज के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत उरगा टीआई केके वर्मा एवं साइबर सेल सह क्राइम ब्रांच प्रभारी एवं उनकी टीम ने मुखबिर से मिली सूचना पर नशे का कारोबार उरगा क्षेत्र में फैला रहे थे। इसके बाद उपरोक्त उच्चाधिकारियों के निर्देशन में उरगा टीआई श्री वर्मा एवं साइबर सेल सह क्राइम ब्रांच प्रभारी अजय सोनवानी, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर पांडेय, गुनाराम सिन्हा एवं जवानों ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उरगा थाने में गहन पूछताछ की जा रही है। आज के इस मामले में जब्ती व सामानों की बरामदगी करने के बाद वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। जिसके उपरांत प्रकरण को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## एसीबी-ईओडब्ल्यू की लिस्ट में कई नाम, जल्द शुरू होगी पूछताछ

### शराब घोटालेः ईडी के एफआईआर के बाद तेज हुई कार्रवाई




**रायपुर।** राज्य के बहुचर्चित करोड़ों के शराब घोटाले में कार्रवाई तेज करते हुए एसीबी-ईओडब्लू अगले एक हफ्ते में प्रदेश के कई बड़े शराब कारोबारियों, इसके ट्रांसपोर्टेशन, सुरक्षा से लेकर संबंधित कार्य में लगे लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की तैयारी में हैं। करीब 21 सौ करोड़ रुपए के घोटाले के लेकर जो एफआईआर हुई है, उसमें आबकारी अफसरों के अलावा तीन दर्जन से ज्यादा नाम हैं, जो शराब के कारोबार से किसी न किसी तरह जुड़े हैं, या फिर पिछली सरकार में राजनैतिक तौर पर प्रभावशाली थे। ईडी के डिप्टी डायरेक्टर की ओर से जनवरी में एसीबी-ईओडब्लू में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी, जिसमे राज्य की बड़ी डिस्टिलरियों छत्तीसगढ़, वेलकम और केड़िया के साथ-साथ कारोबार से जुड़े लगभग सभी बड़े लोगों के नाम हैं। एसीबी-ईओडब्लू से संकेत मिले हैं कि अब इन सभी को एक-एक कर बुलाया जाने वाला है।

एसीबी में दर्ज एफआईआर में अनवर ढेबर के भाई अख्तर ढेबर, सफायर इस्पात के मालिक उमैर ढेबर और जुनैद ढेबर तथा पूर्व सीएम के करीबी माने जाने वाले विजय भाटिया का नाम है। अरविंद सिंह गिरफतार किया जा चुका है। इनके अलावा अशीष सौरभ केडिया, छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज, भाटिया वाइंस एंड मर्चेंट्स, वेलकम डिस्टलरीज, अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह, नवनीत गुप्ता, पिंकी सिंह, विकास अग्रवाल सुब्बू, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, नितेश पुरोहित, अभिषेक सिंह, यश पुरोहित, मनीष मिश्रा, संजय कुमार मिश्रा, अतुल कुमार सिंह, मुकेश मनचंदा, विजय भाटिया, , सिद्धार्थ सिंघानिया, बच्चाराज लोहिया, मेसर्स अलर्ट कमांडो, प्राइम वन वर्क फोर्स, अमित मित्तल, उदय राव, लक्ष्मीनारायण बंसल, विधु गुप्ता, दीपक दुआरी, दिपेन चावड़ा, प्राइम डेवलपर्स, ए ढेबर बिल्डकान, एजेएस एग्रोटेक, जगदम्बा इंटरप्राइजेस एवं अशोक सिंह, सुमीत मलो, रवि बजाज और विकास अग्रवाल के साथियों के नाम हैं। एफआईआर में इन सभी की शराब घोटाले में भूमिका का उल्लेख किया गया है।

### दो आबकारी अफसरों से की पूछताछ

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसीबी-ईओडब्लू ने अनवर को हिरासत में लेने के बाद देर शाम आबकारी विभाग के दो अफसरों को भी बुलवा लिया था। इन्हें पूछताछ कर देर रात छोड़ दिया गया है। शराब घोटाले की एफआईआर में जो 70 नाम हैं, उनमें तकरीबन 48 तो आबकारी विभाग के अफसर हैं। पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड को भी ईडी ने आरोपियों की सूची में रखा है। पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को हाल में हाईकोर्ट से इसी मामले में गिरफ्तारी या दंडात्मक कार्रवाई से राहत दी गई है।

### खत्म नहीं हो रहा हाथियों का आतंक

## घर में फिर घुसा दंतैल, छत में चढ़कर बचाई जान

**कोरबा।** जिले के केंदई रेंज में हाथियों का आतंक कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। उल्टा और भी बढ़ रहा है। क्षेत्र में मौजूद हाथी रिहायशी इलाके में घुसने लगे हैं।

जिले के कटघोरा वन मंडल के परला गांव में गुरुवार रात दूसरी बार हाथी एक घर में घुस गया। हाथी से जान बचाने के लिए एक परिवार के लोग घर की छत पर चढ़ गए। सूचना मिलने पर वन अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की जान बचाई। काफी मशक्कत के बाद हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा गया। जानकारी के मुताबिक, गांव की पास जंगल से लगे राजकुमार गोस्वामी का एक मकान है। वह अपनी पत्नी और एक बेटी साथ रहते हैं। राजकुमार गोस्वामी ने बताया कि रात 9 बजे लगभग खाना खाने के बाद सभी सोने के लिए चले गए थे। लगभग 10 बजे के करीब हाथी की गरजने की आवाज सुनी। राजकुमार और उसका परिवार बाड़ी के तरफ खिड़की से झांक कर देखा तो एक हाथी बाड़ी में विचरण कर रहा था। इसके बाद राजकुमार, उसकी पत्नी और बच्ची किसी तरह अपनी जान बचाने सीढ़ी के ऊपर चढ़कर खपराई वाले छत पर चढ़ गए। इस दौरान वे हाथी की हर गतिविधियों पर ऊपर से ही नजर रख रहे थे। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से दंतैल को खदेड़ने की कार्यवाही की। खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया, जिस पर गोस्वामी के परिवार ने राहत की सांस ली। इससे पहले भी दंतैल हाथी बुधवार की आधी रात चंद्रिका प्रसाद साहू नामक ग्रामीण के घर में घुस गया था तब चंद्रिका व उसके परिवार के दो अन्य सदस्यों ने पटाव में चढ़कर अपनी जान बचाई थी। बाद में वन विभाग द्वारा उन्हें सुरक्षित निकाला गया।

### नाबालिग को अगवा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** मानिकपुर चैकी पुलिस ने नाबालिग को अगवा करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे संप्रेक्षण गृह भेजने की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि चैकी क्षेत्रांतर्गत यह घटना प्रकाश में आई थी। किशोरी के परिजनों के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि नजदीक के आरोपी ने किशोरी को अगवा कर लिया। मोबाइल नंबर के माध्यम से पुलिस ने जांच-पड़ताल की और जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ से दोनों को दबोच लिया। पूछताछ और जरूरी प्रक्रिया के बाद किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जबकि आरोपी के कृत्य को देखते हुए संप्रेक्षण गृह निरूद्ध किया गया है।

## ट्रांसफार्मर गोदाम अग्निकांड की होगी जांच, बिजली कंपनी ने बनाई छह सदस्यीय टीम

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के गोदाम में लगी भीषण आग लगने के दूसरे दिन ही सीएसपीडीसीएल ने जांच के लिए उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की गई है। एक सप्ताह के भीतर जांच समिति विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। जांच के लिए बनाए गए समिति में भीम सिंह कंवर कार्यपालक निदेशक, संदीप वर्मा कार्यपालक निदेशक, यशवंत शिलेदार अति. मुख्य अभियंता, गोपाल मूर्ति अतिमहाप्रबंधक (वित्त), ए.श्रीनिवास राव मुख्य सुरक्षा अधिकारी और अधीक्षण अभियंता डीडी चौधरी शामिल हैं।



बता दें राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मुख्य डिपो में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। इसके बाद गोदाम में रखें ट्रांसफार्मर एक के बाद एक ब्लास्ट होते गया। इस भीषण आग से चार हजार ट्रांसफार्मर, केबल, कंडक्टर, मीटर, पावर आइल और इलेक्ट्रिक सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। घटना से बिजली कंपनी को करोड़ों का नुकसान हुआ है। इस घटना से निपटने के लिए 30 से 40 फायर ब्रिगेड की गाडियां लगी हुई थी। जिसे रात 11 बजे तक काबू पाया गया। घटना के बाद देर रात तक मुख्यमंत्री साय के सचिव पी दयानंद, कलेक्टर, एसएसपी, जिला प्रशासन के अधिकारी और फायर फाइटिंग प्रभारी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए गोदाम से लगे तीन-तीन किलोमीटर तक रास्ता खाली कराकर बंद कर दिया गया था।

## खास खबर

### ज्योति कलशों से जगमगाएगा सिद्धिदात्री का दरबार

**कोरबा।** बांकीमोंगरा स्थित सिद्धीदात्री मंदिर में नवरात्रि पर्व पर ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाने की तैयारी की जा रही है। मंदिर का रंगरोगन किया जा रहा हैं। प्रतिदिन प्रसाद वितरण किए जाएगें। सैकड़ो कीसंख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पूजाअर्चना के लिए आते है। नवरात्रि पर्वो पर अशोक अग्रवाल,सेवक अग्रवाल गणेश पालीवाल, बबली शर्मा, कनाही दादा, रमायण श्रीवास तैयारी करने में लगे हुए है। इसी तरह चण्डी मंदिर में भी नवरात्रि पर्वो पर ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाते है। यहां पर भण्डारा का भी आयोजन होता है। मंदिर संमिति के प्रदीप अग्रवाल, चित्ररेश वर्मन, राजू विश्वकर्मा, विनय अग्रवाल, पदुम यादव तैयारी में जुटे हुए है। चण्डी मंदिर के निकट मेले का भी आयोजन होता है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग इस मेले में आते है। चण्डी मंदिर का यह मेला लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहता है। मानिकपुर दुर्गा मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएगें। रवि टोप्पों व प्रहलाद तिर्की के मार्ग दर्शन में विक्रम दशरत शमजीत जयसिंह, मनोज तेरश सहित सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक में भाग लिया।

### सामान्य प्रेक्षक ने सी-विजिल व कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टोरेट के प्रथम तल में स्थित सी-विजिल एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक ने सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी सी-विजिल शिल्पा देवांगन ने बताया कि सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कन्ट्रोल रूम के फोन नंबर 07744-226315 में जनसामान्य की शिकायतों को सुनकर निराकरण किया जा रहा है एवं अधिकारियों एवं विभिन्न शाखाओं के मध्य समन्वय के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

# ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे देश में पहले स्थान पर, 460 किलोमीटर का सेक्शन पूरा



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों के बेहतर, सुविधाजनक, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के साथ-साथ क्षमता में वृद्धि के लिए आधुनिक एवं उन्नत तकनीक को अपनाया जा रहा है। ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस वर्ष भारतीय रेलवे में सर्वाधिक 136.25 किलोमीटर के ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम की कमीशनिंग की है। अब तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का कुल 460 किलोमीटर का सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम से लैस हो गया है ।

ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं। नई व्यवस्था में स्टेशन यार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पर सिग्नल लगाए गए हैं। जिसके फलस्वरूप सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहती है। अगर किसी कारण से आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाती है एवं जो ट्रेन जहां पर रहेंगी वो वहीं पर रुक जाएंगी। यह अधिक ट्रेनों को चलाने में सहायक होता है और प्रमुख जंक्शन स्टेशनों पर ट्रैफिक को नियंत्रित करता है। जहाँ पहले दो स्टेशनों के बीच केवल एक ट्रेन चल सकती थी, वहां अब ऑटो सिग्नेलिंग के माध्यम से 4, 5 या 6 ट्रेनों को प्रत्येक सेक्शन में चलाया जा सकता है जो दो स्टेशनों के बीच की दूरी पर निर्भर करता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिल्हा से जयरामनगर (30 किमी), कलमना से दुर्ग (259 किमी), बिलासपुर से घुटकू (16 किमी), चांपा से उरगा (28 किमी) रेल लाइन में ऑटो सिग्नलिग सिस्टम का कार्य पिछले वित्तीय वर्षो में पूर्ण किया गया था। विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 136.25 किलोमीटर ऑटो सिग्नलिग सिस्टम का कार्य पूर्ण किया गया है, जिसमें जयराम नगर-अकलतरा (34 किमी), उरगा-गेवरा रोड (16.25 किमी), दुर्ग-कुम्हारी (54 किमी), धनोली-गुदमा (18 किमी), सालवा-कामठी (11 किमी), तथा बिलासपुर कार्ड केबिन-उसलापुर (3 किमी), रेल लाइन शामिल है। इस प्रकार वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 460 किलोमीटर सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम से लैस है।

ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ब्लॉक सेक्शन में एक ही रूट पर एक से अधिक ट्रेनें चल सकती है। इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ गई है। वहीं, कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ता है। स्टेशन यार्ड से ट्रेन के आगे बढ़ते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाता है, यानि कि एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चलती है। इसके साथ ही ट्रेनों के लोकेशन की जानकारी मिलती रहती है।

संरक्षित ट्रेन संचालन में सिग्नलिंग सिस्टम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेलवे में उपयोग में आने वाले उपकरणों का उन्नयन और प्रतिस्थापन एक सतत प्रक्रिया है, जिसे आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता एवं परिचालन आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है। समय समय पर ट्रेन संचालन में संरक्षा को और बेहतर बनाने तथा लाइन क्षमता में बढ़ोतरी के उद्देश्य से सिग्नलिंग सिस्टम का आधुनिकीकरण किया जाता है, इसी कड़ी में ट्रेनों की गति तेज करने और सुरक्षित सफर के लिए सिग्नल सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस सिस्टम में वर्तमान आधारभूत संरचना के साथ रेलवे लाइन की क्षमता बढ़ रही है।

## लोक सभा निर्वाचन के लियें प्रशासन भी तैयार, मतदाता भी तैयार

मनेंद्रगढ़। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के आह्वान पर 5 अप्रैल 2024 को 50 अलग-अलग स्थानों में एक ही दिन स्वीप कार्यक्रम के तहत महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों के साथ मतदान जागरूकता रैली, मेहंदी, रंगोली के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाया गया।




एक दिन में 30 हजार परिवार तक 7 मई 2024 को मतदान करने की जानकारी देने का लक्ष्य को आज ग्राम पंचायत दुग्गी, बहरासी, बौरीडांड, चौघड़ा, परसगढ़ी, चैनपुर, तेंदूडांड, घुटरा, भलौर, पेन्ड्री, खैरबना, गोविंदपुर, कौडीमार, भौता, बाही, ताराबहरा, तिलोखन, बुलाकीटोला, केवटी एवं नगर पंचायत खोंगापानी, झगराखाण्ड़ व नगर पालिका मनेंद्रगढ़ में संध्या काल तक पूरा कर लिया गया। प्रलोभन रहित एवं निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रात: प्रभात फेरी कार्यक्रम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रारंभ किया गया। दिन चढ़ते चुनाव का पर्व देश का गर्व स्वीप के तहत रंगोली स्पर्धा सभी वार्ड, पारा, गांव में किया गया। तत्पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा नवविवाहिता एवं नव मतदाता का सम्मान समारोह अलग-अलग सेक्टरों में किया गया। इसके साथ ही युवाओं के द्वारा शपथ लिया गया एवं नारा के साथ मतदान रैली का आयोजन भी किया गया।

आज से सभी शहरी वार्डो में कचरा कलेक्शन गाड़ियों द्वारा निर्वाचन का प्रचार प्रसार प्रारंभ किया गया है। 7 मई 2024 को निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी तैयारियां प्रशासन के द्वारा की जा रही हैं। जिला का संकल्प वाक्य वोट करेंगे तभी तो बढेंगें के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जिलेवासियों से अपील की गई है।

## 88 पंचायतों के 7500 मनरेगा मजदूरों ने ली मतदान की शपथ

**बीजापुर।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में प्रतिदिन जिले के नगरीय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता एवं गतिविधि आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत भागीदारी के संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से मनरेगा योजना के कार्यस्थल पर कुल 7 हजार 500 श्रमिकों के द्वारा शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने हेतु प्रलोभन के बिना निर्भीक होकर मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली गई। गुरुवार को जिले की 125 ग्राम पंचायतों में कुल 9700 मनरेगा मजदूर कार्य किए हैं। जिनमें से खबर लिखे जाने तक 88 ग्राम पंचायतों में 7500 श्रमिकों द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादा अनुरूप मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ ली गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन खेल कूद प्रतियोगिता के अलावा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के संदेश को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## आचार संहिता का पालन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए : कलेक्टर

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर भोस्कर एवं एसपी विजय अग्रवाल की उपस्थिति में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर भोस्कर ने समिति के सदस्यों और समाज प्रमुखों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी समय में लगातार विभिन्न त्योहार आ रहे हैं। इसके साथ ही लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता भी लागू है। जिले में आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाएं। उन्होंने कहा कि सरगुजा जिला शांति और भाईचारे की मिसाल है। इसे बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आगामी समय में नवरात्र पर्व, ईद उल फित्र, रामनवमी आदि पर्व हैं। इस दौरान विद्युत, पानी, यातायात की समस्त व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा की जायेंगी। साथ ही सरगुजा वासी होने के नाते हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करना होगा।

पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने बैठक में कहा कि जिले में त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बैठक में शहर में त्योहारों के दौरान लगाए जाने वाले बैनर पोस्टर पर कहा कि त्योहार बीत जाने के बाद इस तरह बैनर पोस्टर निकाल लिए जाएं जिससे किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि जिले में बीते दिनों हुई गंभीर घटना की पुनरावृति ना हो, इसके लिए गंभीर चिंतन जरूरी है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों और समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि अनुशासन और नियंत्रण बनाए रखने लोगों को हिदायत दें जिससे जिले की शांति भंग ना हो। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के साथ विभिन्न समाज के स्वयंसेवकों की भी मदद ली जाएगी।

## बाहरी आदमी का नहीं, अपने सगा-संगी का भरोसा करें : डॉ. महंत

**कोरबा ।** लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के लिए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपना जनसंपर्क व कार्यकर्ता सम्मेलन में मार्गदर्शन देने का क्रम जारी रखा है। उरगा में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सम्मेलन में डॉ.महंत ने कहा कि रामपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों का हमेशा से आशीर्वाद मिलता रहा है और यही आशीर्वाद आगे भी मिलते रहने की अपेक्षा है।



पिछले चुनाव में 29 हजार वोटों से सांसद ज्योत्सना महंत को जिताया था और इस बार भी इससे अधिक वोटों से जिताना है। डॉ. महंत ने कहा कि आप सबके दु:ख-तकलीफ में साथ खड़ा रहा और आगे भी साथ रहूंगा। रामपुर विधानसभा में पिछली बार जब हमारा विधायक नहीं था, तब भी ज्योत्सना महंत हर गली, हर गांव में पहुंची। इस बार कांग्रेस का विधायक है तब भी ज्योत्सना महंत ने अपना संपर्क लगातार बनाए रखा है।

उन्होंने छत्तीसगढिया़ अंदाज में कहा कि बाहरी लोग क्षेत्र में घूम रहे हैं, आप लोगों को बाहरी आदमी का भरोसा नहीं करना है, अपने आदमी का भरोसा करें, अपने सगा-संगी, गंवईया आदमी का भरोसा करें और उसे जिताने के लिए सब मिलकर काम करें। डॉ. महंत ने कहा कि आपके बच्चों के भविष्य और प्रदेश की सुरक्षा के लिये मैं हमेशा साथ खड़ा हूं, इसके लिये संकल्प भी लेता हूं।

ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन को अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित कर ज्योत्सना महंत के लिए समर्थन की अपील की। इस अवसर पर डॉ. महंत के स्वागत में परंपरागत लोकनृत्य व लोकगीतों के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी गई। युवतियों व महिलाओं ने डॉ. महंत को पुष्प गुच्छ भेंट किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छग प्रदेश आदिवासी सचिव सम्मेलाल जगत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य आत्माराम पन्ना, कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अजीत दास महंत, ब्लॉक समन्वयक गोपी सारथी, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई व संतोष मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि वीरू लाल पटले सहित ललिता जगत, महेश महंत, रेवाराम चंद्रवंशी, खम्हन लाल कैवर्त, खम्हन लाल कंवर, गणेश राम पटेल, रामलाल जगत, धनेश्वर दास महंत, मेलाराम दिवाकर, जीवन दास महंत, महेत्तर बिंझवार, रूपेश मसीह, संतोष पटेल, सनत दिवाकर, रेशमलाल टंडन, भूषण कुर्रे, बिशोक दास महंत, जवाहिर लाल डहरिया, जगदीश वैष्णव, मकसूदन नामदेव, पंचराम यादव, शिवचरण श्रीवास, परदेशी दास महंत, कुमान सिंह जगत, गणेश राम पटेल, श्रीमती शिव राजपूत, चंद्रिका जगत, भागा बाई, अहिल्या बाई जगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 5 न्याय स्तंभ के साथ कांग्रेस की 25 गारंटी

**रायपुर ।** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पीसीसी चीफ दीपक बैज ने गुंडरदेही से कांग्रेस का घोषणा पत्र जिसे न्याय पत्र नाम दिया गया है जारी किया। उन्होंने कहा कि देश में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना न्याय पत्र जारी किया है और यह न्याय पत्र हर वर्ग के लिए है। जिसमें युवा महिला सभी बातों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। खासकर लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने सामाजिक रूप से मजबूत बनाने हर संभव प्रयास किए गए हैं।



उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी हर तरह से फेल हो चुकी है। हमने अपने न्याय पत्र में 25 गारंटियों को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को छत्तीसगढ़ में तीन महीने की महतारी वंदन की राशि नहीं मिली है। यहां पर मोदी की गारंटी या सब फेल साबित हो रही हैं। बालोद के गुंडरदेही में न्याय पत्र विमोचन के दौरान पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, विधायक कुंवर सिंह निषाद चंद्रप्रभा सुधाकर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में जाति जनगणना, ओपीएस, नौकरी में 50 फीसदी महिला आरक्षण, किसानों के लिए स्वामीनाथन फॉर्मूले के साथ एमएसपी की कानूनी गारंटी, गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपये, मुफ्त इलाज, अस्पताल, श्रमिकों के लिए 25 लाख का हेल्थ कवर, डॉक्टर, टेस्ट, दवा, सर्जरी और बिना जमीन वालों को जमीन देने का वादा किया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हमें किसी के जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता और नेता जो भाजपा में जा रहे हैं उन्हें डराया जा रहा है। धमकाया जा रहा है फिर की धमकियां दी जा रही है। इसलिए वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं और कुछ उन्हें सट्टा का लाभ मिले। इसके लिए भी वे भाजपा की ओर जा रहे हैं, जो अटूट कार्यकर्ता हैं। वह सदैव भाजपा के साथ है और वहीं हमारी ताकत है।

आगे कहा कि किसान जो कि देश की आर्थिक मजबूती की रीड है। उन्हें हम जीएसटी से मुफ्त करने जा रहे हैं। यह एक मील का पत्थर किसानों के लिए साबित होगा। उन्होंने कहा कि युवा न्यायाधीश हमने इसमें शामिल किया है। जिसमें 30 लाख नौकरियां जो केंद्र सरकार के अधीन है। उसमें शामिल किया जाएगा। साथ उन्होंने कहा कि परीक्षा में पूरी प्रदर्शित होगी और जो परीक्षा लीक भाजपा सरकार में हुए हैं। उनसे उन्हें मुक्ति मिलेगी।

वहीं उन्होंने मजदूर न्याय के बारे में भी बात की और कहा कि 400 रुपये न्यूनतम मजदूरी श्रमिकों को दिया जाएगा। श्रमिक हित में हमारी सरकार काम करेगी। यह हमारी 25 गारंटी हैं और कांग्रेस जो बोलता है। वह करती है इसका उदाहरण पूरे देश में छत्तीसगढ़ में देखा है।

पीसीसी चीफने कहा कि देश में आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि सरकार बनी तो आरक्षण की 50 फीसदी सीमा खत्म करेंगे। जातीय जनगणना करवाएंगे। युवाओं को नौकरी की गारंटी मिलेगी। बैज ने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाना है। हमारी पार्टी पर जुल्म किया गया है। दीपक बैज ने कहा की भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को डराया जा रहा है धमकाया जा रहा है फिर कराए जा रहे हैं प्रलोभन दिया जा रहा है जिनके खून में कांग्रेसी है वह आज भी अधिक हैं सच्चे कांग्रेसियों को कोई तोड़ नहीं सकता।

### लोकसभा चुनाव : छत्तीसगढ़ में मोदी,नड्डा,शाह,गडकरी सहित कई बड़े नेता करेंगे भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार

**रायपुर,** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर चुनाव आयोग को सौंप दी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, स्मृति इरानी, अर्जुन मुंडा समेत छत्तीसगढ़ बीजेपी के कई बड़े नेताओं का नाम शामिल हैं, जिन्हें लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया गया है।

जारी सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,राजनाथ सिंह,जेपी नड्डा,अमित शाह,नितिन गडकरी,स्मृति ईरानी,धमेंद्र प्रधान,अर्जुन मुंडा,ज्यातिराजे सिंधिया,योगी आदित्यनाथ,हेमंत बिस्वा शर्मा,मोहन यादव,फग्गन सिंह कुलस्ते,शिवराज सिंह चौहान,नितिन नबिन,सतपाल महाराज,मनोज तिवारी हेमा मालिनी,नवल किशोर यादव,बाबूलाल मरांडी,विष्णूदेव साय,किरणदेव,अरूण साव,विजय शर्मा,अजय जयसवाल,पवन साय,लता उसेंडी,रामविचार नेताम,केदार कश्यप,ओपी चौधरी धरमलाल कौशिक,विक्रमदेव उसेंडी,मोहन मंडावी,शिवरतन शर्मा,अजय चंद्राकर,दिनेश कश्यप,महेश गागड़ा,मधुसूदन यादव,गुरू बालदास एवं श्रीनिवास राव मद्दी का नाम शामिल है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)